दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-30 सीहोर,सोमवार 16 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, मतदान 9, 23 और 29 अप्रैल को

-असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग तो तमिलनाडु में 23 अप्रैल







नई दिल्ली,(ए)। भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि असम, केरला, पुडुचेरी, तमिलनाडु और वेस्ट बंगाल में विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे, जबकि मतगणना 4 मई 2026 को की जाएगी।चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे, पहला चरण 23 अप्रैल को जबकि दूसरा चरण 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि इन पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में कुल 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। चुनाव के लिए लगभग 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और करीब 25 लाख ईवीएम मशीनों के जरिए कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग ने हाल ही में सभी चुनावी राज्यों का दौरा किया था। इस दौरान आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों से मुलाकात कर सुझाव लिए। इसके अलावा संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ भी बैठकें आयोजित की गईं।

### फेक और गलत सूचना रोकने विशेष इंतेजाम

चुनाव आयोग ने इस बार सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और गलत सूचना को रोकने के लिए भी विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। आयोग का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

### आदर्श आचार संहिता लागू

चुनाव की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत सरकारें नई योजनाओं की घोषणा या बड़े विकास कार्यों की शुरुआत नहीं कर सकेंगी। राजनीतिक दृष्टि से यह चुनाव काफी अहम माने जा रहे हैं। वर्तमान में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है, तमिलनाडु में दृविण मुनेत्रकणहम, केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट, असम में भारतीय जनता पार्टी और पुडुचेरी में आल इंडिया एनआर कॉंग्रेस-भाजपा गठबंधन सत्ता में है।

### पश्चिम बंगाल में दो चरणों में डाले जाएंगे वोट

सियासी लिहाज से बेहद अहम माने जाने वाले पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने दो चरणों में मतदान कराने का फैसला किया है। राज्य में पहले चरण की वोटिंग 23 अप्रैल को होगी, जिसमें 152 सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, दूसरा और अंतिम चरण 29 अप्रैल को संपन्न होगा, जिसमें बाकी बची 142 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में पिछले कई सालों से सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मंदिर परिसर में बर्फबारी।

## इजराइल पर ईरान का मिसाइल अटैक, UAE टर्मिनल पर भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त हमला



तेहरान/ नई दिल्ली(ए.)। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव का आज 16वां दिन है। बढ़ते सैन्य टकराव का असर खाड़ी क्षेत्र में तेल आपूर्ति पर भी पड़ने लगा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है।भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर हमला हुआ। उस समय वहां भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग लाड़की' कच्चा तेल लोड कर रहा था। मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद सभी भारतीय कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन कच्चा तेल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो चुका है।इधर, क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने रविवार को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया।

## इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ



जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए गीता भवन परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है।

### पश्चिम एशिया की स्थिति पर रूस समेत कई देशों के संपर्क में भारत, ब्रिक्स के बीच भी चर्चा जारी

नई दिल्ली(आरएनएस)। पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत रूस समेत कई देशों के संपर्क में है। रूसी सरकार के साथ इस मुद्दे पर लगातार बात हो रही है। भारत लगातार तनाव कम करने और संवाद के माध्यम से मुद्दों के समाधान का आह्वान करता रहा है।

भारत ने खाड़ी सहयोग परिषद के देशों, ईरान, अमेरिका और इस्राइल सहित प्रमुख हितधारकों के साथ ऊर्जा सुरक्षा के लिए राजनीतिक और राजनयिक स्तर पर घनिष्ठ संपर्क बनाए हुए है। प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और भारतीय मिशन ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षित समुद्री आवागमन सहित भारत की प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए अपने समकक्षों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज, चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट



भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के बीच अब मौसम करवट लेने वाला है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक आंधी और बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने रविवार को उत्तर और दक्षिणी हिस्से के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है।मौसम विभाग के मुताबिक, इस बदलाव के मुख्य कारण वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और टर्फ सिस्टम हैं। 17 मार्च को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा, जिसका असर मध्य प्रदेश पर भी पड़ सकता है। इस प्रणाली के चलते अगले कुछ दिनों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहेगा। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग का कहना है कि 18 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। मार्च महीने में इस बार पहली बार मावठा गिरने की संभावना भी जताई जा रही है। जारी किए गए अलर्ट के अनुसार, 16 मार्च को बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, 17 मार्च को सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर और 18 मार्च को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में बारिश और आंधी का असर देखने को मिल सकता है।तेज गर्मी का असर अब भी प्रदेश के कई हिस्सों में बना हुआ है। शनिवार को भी प्रदेश के कई शहरों में तीव्र लू चली और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। खासकर, नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। यहां पिछले तीन दिनों से लू का प्रभाव बना हुआ था, जहां अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री अधिक है। वहीं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन से भी गर्म जबलपुर रहा।

## सीहोर में भोपाल-इंदौर हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई यात्री बस, डिवाइडर से भिड़ी, यात्रियों को आई मामूली चोटें

सीहोर,(निप्र)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में भोपाल-इंदौर हाईवे पर रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-




होते टल गया। जिले के अमलाहा गांव के पास खड़े ट्रक में पीछे से एक यात्री बस जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और विंड स्क्रीन टूट गई। हादसे के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से भी टकरा गई।जानकारी के अनुसार, दुर्घटना अमलाहा के पास भावखेड़ी जोड़ के नजदीक हुई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें सड़क के बीच खड़े ट्रक से पीछे से आ रही यात्री बस की टक्कर स्पष्ट दिखाई दे रही है। टक्कर के बाद बस बेकाबू होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। हालांकि राहत की बात यह रही कि बस में सवार किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। हादसे में कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के बाद उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।




## सरकार के सख्त दिशा-निर्देश जारी- डिब्बों या खुले बर्तनों में पेट्रोल-डीजल जमा करना पड़ेगा भारी!

नई दिल्ली (ए.)। देश में ईंधन की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर चल रही विभिन्न अटकलों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम



मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर नागरिकों से पैनिक न करने की अपील की है। मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि देश भर के पेट्रोल पंपों और खुदरा विक्रेताओं के पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, इसलिए घबराने या अनावश्यक भंडारण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि डिब्बे या खुले वर्तनों में डीजल पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपूर्ति की स्थिरता के साथ-साथ, सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पेट्रोलियम विभाग ने ईंधन की खरीद और भंडारण के संबंध में नई गाइडलाइंस जारी की हैं। अधिकारियों ने नागरिकों को सख्त हिदायत दी है कि वे खुले बर्तनों, कांच की बोतलों या अनुपयुक्त प्लास्टिक के डिब्बों में ईंधन कतई न लें। प्रशासन के अनुसार, असुरक्षित तरीके से ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करना न केवल गैर-कानूनी है, बल्कि यह भीषण अग्नि दुर्घटनाओं और जन-धन की हानि का कारण बन सकता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता केवल अपनी जरूरत के अनुसार वाहनों के टैंक में ही ईंधन भरवाएं और घरों में इसका संचय न करें।

## कांशीराम जयंती पर राहुल गांधी ने किया नमन, कहा- बहुजन सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और तेजस्वी यादव ने भी दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली,(ए)। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और समाज सुधारक कांशीराम की जयंती के अवसर पर देश के कई राजनीतिक नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांशीराम को नमन करते हुए कहा, कि कांग्रेस बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी खड़ी थी, आज भी है और आगे भी हमेशा खड़ी रहेगी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कि बहुजन नायक कांशीराम का गरीबों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए किया गया संघर्ष और समर्पण देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि कांशीराम का मानना था कि संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों की असली ताकत है। राहुल गांधी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि आज संविधान खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहेब के संविधान की शपथ लेकर सत्ता में बैठे लोग ही उसे कमजोर करने में लगे हैं। राहुल गांधी के



अनुसार कांशीराम की विरासत बताती है कि जब तक सत्ता में भागीदारी नहीं होगी, तब तक सामाजिक न्याय संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का यह सपना अधूरा नहीं रहेगा।

### दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग को संगठित किया : खड़गे

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कांशीराम को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को संगठित कर उन्हें भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में उनका योगदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

### हाशिये में खड़े लोगों को जगाया: तेजस्वी

वहीं तेजस्वी यादव ने भी कांशीराम की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों के राजनीतिक एकीकरण और उत्थान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तेजस्वी यादव ने कहा कि कांशीराम ने समाज के हाशिए पर खड़े लोगों में सामाजिक और राजनीतिक चेतना जगाने का काम किया। उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही देश में समान विकास और सामाजिक समता स्थापित की जा सकती है। इस तरह से देशभर में कांशीराम की जयंती के अवसर पर विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें याद करते हुए सामाजिक न्याय और समानता के उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# दक्षिण के द्वार नेपानगर को बनायेंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विकास तभी सार्थक, जब इसका लाभ पहुंचे समाज के अंतिम व्यक्ति तक किसानों की तकदीर बदल देगी नेपानगर की दो सिंचाई परियोजनाएं




भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के जनजातीय बहुल नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा क्षेत्र को 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 191 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 81 विकास कार्यों का भूमिपूजन (30.59 करोड़ से सातपायरी में औद्योगिक प्रक्षेत्र के भूमिपूजन सहित) और 172 करोड़ 20 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि ये सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि कुल 2598.97 करोड़ रुपये की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेपानगर पेपर मिल इस क्षेत्र की पहचान है। यह मिल हमेशा की तरह चलती रहेगी। इस चलाए रखने के लिए हम सभी व्यवस्थाएं और समुचित प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस मिल के कागज भी खरीदेगी और श्रमिक को उसके रोजगार से जोड़े रखेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। धूलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा।

# सशक्त एवं जागरुक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थ व्यवस्था की नींव : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

## स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों एवं निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



भोपाल( निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है। श्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि खरीददारी करते समय बिल लेना, उत्पाद की गुणवत्ता और समाप्ति की तिथि अवश्य देखना, किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना, यह सभी जागरूक उपभोक्ता को मजबूत बनाते हैं। उपभोक्ताओं के हित में भारत सरकार ने वर्ष 2019 में नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया। यह कानून उपभोक्ताओं के रक्षा की गारंटी देता है।

# 71 जिला संगठन महामंत्रियों की भोपाल में ट्रेनिंग

भोपाल (ए)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए अब जिलों में संगठन महामंत्रियों को अधिक अधिकार देने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 71 जिला संगठन महामंत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भोपाल में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में जिला संगठन महामंत्रियों को उनके अधिकार, जिम्मेदारियां और संगठन में उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक फोल्डर भी दिया जाएगा, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज की रूपरेखा स्पष्ट की गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे। सूत्रों के अनुसार जिस तरह एआईसीसी में संगठन महामंत्री के पास व्यापक अधिकार होते हैं, उसी तर्ज पर अब जिलों में भी संगठन महामंत्रियों को मजबूत भूमिका दी जाएगी। उन्हें जिला, ब्लॉक, उप-ब्लॉक और मंडल-सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों से जुड़े आदेश जारी करने का अधिकार भी मिल सकता है।प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि जिला अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के बीच तालमेल कैसे बनाया जाए, ताकि संगठनात्मक कामों में टकराव की स्थिति न बने। जिला संगठन महामंत्री को जिला अध्यक्ष के प्रमुख सहयोगी के रूप में काम करना होगा और संगठन की गतिविधियों की नियमित रिपोर्ट भी देनी होगी।मीडिया और सोशल मीडिया पर भी फोकसबैठक में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग भी प्रस्तुति देंगे। इसमें बताया जाएगा कि संगठनात्मक कार्यक्रमों को सार्वजनिक कैसे किया जाए।

# एमपी ट्रांसको में ट्रांसमिशन प्रोटेक्शन सिस्टम पर कार्यशाला आयोजित

भोपाल(निप्र)। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के परीक्षण संभाग, सिंगरौली के संभागीय कार्यालय में रिले प्रोटेक्शन : सामान्य परिचय विषय पर एक उपयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ट्रांसमिशन सिस्टम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की तकनीकी जानकारी को अद्यतन करना था। प्रशिक्षण सत्र में विशाल भालाधरे (सहायक अभियंता-परीक्षण) सहित अन्य विशेषज्ञों ने रिले प्रोटेक्शन प्रणाली, उसके संचालन, महत्व तथा ट्रांसमिशन सिस्टम की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी।



*राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के संचालक श्री मुजीबुर्रहमान ने म.प्र. भ्रमण पर आये राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों से लोकभवन में सौजन्य भेंट कार्यक्रम में पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।*

# योजना के 3.46 करोड़ उपभोक्ताओं ने नहीं कराया सिलेंडर रिफिल

## - मध्य प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा उपभोक्ता



भोपाल (ए.)। 5 साल पहले केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत फ्री सिलेंडर हितग्राहियों को बांटे थे। गैस सिलेंडर लेने के बाद पिछले 5 सालों में 3.46 करोड़ उपभोक्ताओं ने दोबारा गैस सिलेंडर रिफिल नहीं कराया है। पिछले 5 वर्षों में पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सरकारी तेल कंपनियों को 17522 करोड रुपए से अधिक भुगतान किया गया है।

सूचना अधिकार कानून के तहत मध्य प्रदेश के संबंध में जानकारी चाही गई। मध्य प्रदेश के 38 लाख लाभार्थियों ने गैस सिलेंडर रिफिल नहीं कराए हैं। रसोई गैस सिलेंडर के दाम जिस तेजी के साथ बढे हैं। उसके बाद गरीब उपभोक्ता अपने सिलेंडर रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। केंद्र सरकार की यह योजना लकड़ी और धुएं वाले चूल्हे से बचाने के लिए लाई गई थी। कनेक्शन लेने के बाद भी रसोई गैस महंगी होने के कारण गरीब उपभोक्ता गैस सिलेंडर रिफिल नहीं करा रहे हैं।

# 55 लाख की डकैती करने वाले 12 बदमाश गिरफ्तार

## - लाखो का कर्जा होने पर एकाउटेंट ने बताया था लूट का आइडिया
## - 35 लाख नगदी, दो बाइके, स्कूटी, ऑटो, मोबाइल जप्त, तीन बदमाश फरार




भोपाल(ए.)। शहर के श्यामला हिल्स इलाके की स्मार्ट रोड पर रियल स्टेट का कारोबार करने वाले वाले भाइयों से 55 लाख रुपए की लूट करने वाले 12 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 लाख रूपये बरामद किये है। मामले में पुलिस अन्य आरोपियो की तलाश कर रही है, जिनकी गिरफ्तारी के बाद लूटी गई और रकम की रिकवरी हो सकेगी। जानकारी के अनुसार गुजरात के मेहसाणा निवासी तारक बरोठे (27) अपने भाई के साथ स्कूटर के साथ हनुमानगंज इलाके से चुनाभट्टी स्थित घर लौट रहे थे। रंग पंचमी की रात वह घोड़ा नक्कास इलाके से 55 लाख 50 हजार रुपये का कलेक्शन लेकर जा रहे थे। रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों भाई स्मार्ट सिटी रोड स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र के पास पहुंचे, तभी दो बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और चाकू अड़ाकर रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग निकले, पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था। घटना के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए इसके बाद आरोपियों की पहचान हो गई। पुलिस की 10 टीमें उनकी तलाश में लगी हुई थीं।पुलिस टीमो ने आखिरकार आरोपियो की पहचान करते हुए उनमें से हैदर उर रहमान पिता तस्लीम उर रहमान, निवासी, पीरगेट थाना, कोतवाली, फाबिल उर्फ भूरा पिता आसिफ अली, निवासी प्रतापनगर थाना श्यामलाहिल्स,अलफेज अली पिता इरशाद अली (18) निवासी लक्ष्मीगंज गल्ला मण्डी थाना जहाँगीराबाद,मुज्जमिल पिता शमी हसन निवासी पठार वाली गली जीपीओ के पास थाना कोतवाली स्थायी पता कजलीखेडा, शान डिसेन्ट उर्फ उमाम पिता जावेद खान निवासी खानूगाँव थाना कोहेफिजा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया की इन पॉचो बदमाशो ने ही मौके पर जाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं अन्य गिरफ्तार बदमाशो में शामिल सोहेल उर्फ गुड्डा निवासी हाउसिंग बोर्ड करोंद ने लूट की रकम को अपने पास रखा था। आरोपी अनवर शेख निवासी मंगलवारा,अब्दुल नवेद निवासी बागफरहत अफजा ऐशबाग, शानू उर्फ साजिल अहमद निवासी जहाँगीराबाद, सलमान समद निवासी,चौकी इमामबाडा थाना कोतवाली, गौरव चेतवानी निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना टीलाजमालपुरा और फैसल खान निवासी अर्जुननगर थाना एमपीनगर ने डकैती की योजना तैयार की थी।मामले में डकैती डालने वाले गिरोह के 12 गिरफ्तार बदमाशो के अलावा उनके अन्य साथी फरदीन, जावेद,आसिम व अन्य फरार है जिनकी तलाश की जा रही है। लाख नगदी, दो बाइके, स्कूटी, ऑटो, मोबाइल जप्त

पुलिस ने दबोचे गये आरोपियो से करीब 35 लाख की नगदी, दो बाइके, एक्सेस स्कूटी, सवारी आटो,9 मोबाईल जप्त किये है।

# घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश

भोपाल (ए.)। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है । अत: उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें। देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे।

# ट्रेनो में धोखाधडी, जालसाजी कर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला शिकंजे में

## महिला को भोपाल सेन्ट्रल जेल में नौकरी लगवाने के नाम पर की थी ठगी
## खुद को बताता था भोपाल सेन्ट्रल जेल का अधिकारी

भोपाल(ए.)। जीआरपी पुलिस आमला ने बडी कामयाबी पाते हुए ट्रेनो में धोखाधडी, जालसाजी कर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को दबोचा है। जानकारी के अनुसार 29 फरवरी 2026 को ट्रेन आमला छिन्दवाडा मेमो पेसेंजर मे एक व्यक्ति द्वारा ट्रैन में सफर कर रही लताशा चौहान निवासी जुन्नारदेव नामक महिला को केन्द्रीय जेल भोपाल में (जेल प्रहरी) के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पहले 1,050 और बाद में ट्रेनिग करने के नाम पर और 25 हजार 500 की रकम लेकर हड़पने की शिकायत मिली थी। शिकायत की जॉच के दौरान हाथ लगे सुरागो के आधार पर पुलिस ने संदेही राजपाल यादव को उसके मोबाईल की लोकेशन के आधार पर 13 मार्च 26 को दक्षिण एक्सप्रेस ट्रैन से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह ट्रेन के स्लीपर कोच से उतर कर भागने की कोशिश कर



रहा था। उसकी पहचान इन्द्रपाल पिता स्व.जददुलाल पाल (55) निवासी पटेल स्कूल के सामने खंजनपुर थाना गंज बैतूल जिला बैतूल, हाल पता, भगवान परिसर बगलिया रोड भोपाल के रुप में हुई। आगे की पूछताछ में उसने बैतूल से छिंदवाड़ा ,बैतूल से भोपाल, भोपाल से इंदौर तथा अन्य ट्रेन मार्गो पर बेरोजगार युवक युवतियो को अपना नाम राजपाल यादव चक्कर/उप जेल अधिकारी जेल भोपाल का बताकर एवं जेल भोपाल का अपना नकली विजिटिंग कार्ड दिखाकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपए ऐंठता था। पुलिस ने उसके कब्जे से पुलिस के जूते, दो मोबाईल, पुलिस की टोपी ,नगदी सहित जालसाजी करने के नकली तैयार किये गये नकली दस्तावेज् जप्त किये है। इतना ही नहीं उसके पास से नकली जेल अधिकारी का विजिटिंग कार्ड , जेल ट्रेनिंग सेंटर की नकली पर्चीया, सागर जेल ट्रेनिंग सेंटर में नौकरी लगवाने के लिये ठगे गए युवक-युवतियो की नकली फोटो एव भर्ती सूची, नकली भर्ती के जेल अधीक्षक के नाम के लिफाफे भी बरामद किये गये है।

# मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर लगाया पेंशन और कन्यादान योजना पर असवेंदनशील होने का आरोप



भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर गरीबों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों की योजनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ महीनों से हितग्राहियों तक नहीं पहुंच रहा, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।जीतू पटवारी ने रविवार को अपने बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन करीब पांच महीनों से लंबित हैं। उनका कहना है कि जिन बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के लिए यह राशि जीवन-निर्वाह का प्रमुख सहारा है, उन्हें ही समय पर भुगतान नहीं मिल रहा। सरकार चुनाव और प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन गरीबों के अधिकार का पैसा रोककर रखती है, जो बेहद अमानवीय है।

कन्या विवाह योजना को कमजोर करने का आरोप

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को भी लगभग समाप्त करने की स्थिति में पहुंचा दिया है। उनके अनुसार अब एक जिले में केवल 200 कन्याओं के विवाह कराने की सीमा तय की जा रही है। जिन जिलों में आठ विधानसभा क्षेत्र हैं, वहां प्रत्येक क्षेत्र में लगभग 25 कन्याओं के विवाह कराने की योजना बनाई जा रही है। इससे योजना का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और कई गरीब परिवार इस सहायता से वंचित रह जाएंगे।

### उत्तर प्रदेश से की तुलना

पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि जहां उत्तर प्रदेश में कन्यादान योजना के तहत गरीब बेटियों के विवाह के लिए लगभग एक लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है, वहीं मध्य प्रदेश में इस योजना को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक ओर गरीबों की पेंशन और बेटियों की योजनाओं में कटौती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री की हवाई यात्राओं पर प्रतिदिन लगभग 21 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में जनजातीय कृति भेंट की गई।

# राजगढ़:एकादशी पर्व पर बाबा श्याम के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़, निकाली निशान यात्रा



राजगढ़,(ए.)। ब्यावरा शहर में हाइवे स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में रविवार को पापमोचनी एकादशी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। इस पर्व पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा बाबा श्याम का दिव्य श्रंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे पुष्पों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आर्कषक सजावट से भव्य रुप दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगला आरती से हुई और दिन भर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम चलता रहा। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर कई गांव और मौहल्लों से निशान यात्राएं निकाली गई, जिसमें ढ़ोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए।

## ट्रैक्टर में बज रहे साउंड को लेकर दो पक्षों में चले डंडे-फर्सी, दस पर केस दर्ज

राजगढ (ए.) । मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम नालियाखेड़ी में रविवार सुबह ट्रेक्टर में बज रहे साउंड की आवाज कम करने की बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौंज करते हुए डंडे-फर्सी से मारपीट कर दी, जिससे दोनों पक्ष के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दोनों पक्ष के दस लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।पुलिस के अनुसार ग्राम नालियाखेड़ी निवासी 30 वर्षीय राजू पुत्र भारतसिंह गुर्जर ने बताया कि ट्रैक्टर में बज रहे साउंड की आवाज धीमी करने की बात को लेकर गांव का महेन्द्र पुत्र अमरसिंह गुर्जर, गजराज पुत्र अमरसिंह, अमरसिंह पुत्र हजारीलाल, मोहरसिंह पुत्र रामसिंह, श्रीराम पुत्र मोहरसिंह और इंदरसिंह पुत्र मोहरसिंह गाली-गलौंज करने लगे, विरोध करने पर उन्होंने डंडे-फर्सी से मारपीट की, जिसमें राजू को गंभीर चोटें लगी।

# शादी का झांसा देकर लोगों से 11-1100 लूट रहे हैं लोग



दमोह (ए.) । नगर में खाटू श्याम मैरिज ब्यूरो राधिका फाउंडेशन के माध्यम से लोगों की शादी के नाम पर 11-1100 लेकर स्थानीय नर्मदा धारा मैरिज गार्डन बुलाकर केवल खाना ही खिलाया गया लोगों की मानो तुम समिति द्वारा बताया गया था कि आप हमें 1100 दें हम आपके लिए परिचय सम्मेलन में जो लड़कियां आएंगी उनसे परीक्षा कराकर आपकी शादी कर दी जाएगी लेकिन यहां आने पर पता चला कि लड़की वाले कहीं से नहीं आए हमारे द्वारा आयोजन राजा खटीक से पूछा गया तो वह कुछ गोल-गोल जवाब देते रहे पीड़ित जबलपुर निवासी पुष्पा राज आहिवाल वहीं जबलपुर निवासी कृष्णकांत अहिरवार ने बताया कि हमें फोन करके बुलाया गया था राजेश आहिवार जैसे अमेरिका लोग दमोह जिले के हैं सागर जिले के हैं या अन्य जिलों से भी आकर यहां अपना माथा पीटते नजर आए वहीं प्रशासन की इतनी बड़ी चूक परमिशन न होने के बावजूद भी वह आयोजन किया गया।

## सोमवार को भी गैस एजेंसियां करेंगीं बुकिंग और डिलेवरी का काम

वालियर (ए)। जिले की गैस एजेंसियों को सोमवार 16 मार्च को भी बुकिंग एवं डिलेवरी का कार्य करना होगा। सभी गैस एजेंसियों को सोमवार के दिन अपने-अपने ऑफिस एवं गोदाम खोलकर बुकिंग व डिलेवरी का कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया है। वर्तमान परिस्थति को ध्यान में रखकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल (एलपीजी) को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।ज्ञात हो हर सोमवार को गैस एजेंसियों द्वारा अवकाश रखा जाता है और गैस बुकिंग व डिलेवरी का कार्य नहीं किया जाता है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखकर जिले के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गैस कंपनियों के लिये इस आशय के निर्देश जारी किए गए हैं।

## अवैध खनिज भण्डारण करते हुए 6 डंपर पकड़े

### खनिज विभाग ने अभी तक दर्ज किए 345 प्रकरण, वसूली 6 करोड़ से अधिक जुर्माना राशि

ग्वालियर (ए)। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के निर्देशन में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन के विरूद्ध की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने रात के समय सिरोल हाइवे पर अवैध खनिजों का परिवहन करने वालों क खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान



छह डंपरों को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पकडा है। सभी डंपरों को सिरोल थाने में रखवाया गया है। जिले में अभी तक अवैध उत्खनन, परिवहन के 345 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनसे 6 करोड़ से अधिक की जुर्माना राशि वसूली गई है। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के निर्देश पर पूरे जिले में खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध उत्खनन, परिवहन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी घनश्याम यादव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार की रात सिरोल हाइवे पर चैकिंग पाइंट लगाया गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे गिटटी से भरे 6 डंपरों को रोक कर उनके कागज चैक किए गए, किसी भी डंपर चालक के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। जिसके चलते खनिज का अवैध परिवहन करने वाले सभी 6 डंपरों को मध्यप्रदेश गौंण अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन, भंडारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।

## धड़ल्ले से हो रही पेड़ों की कटाई, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अनूपपुर,(ए)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आरएफ 463 सकोला बीट क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भालूमाड़ा में आनंद मिश्रा के बाड़ी के पास वन विभाग की भूमि पर खड़े बड़े पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है, लेकिन अब तक इस पर स्पष्ट और ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।जानकारी के अनुसार 13 मार्च को लगभग 3 मीटर से अधिक गोलाई वाले सेमर के पेड़ को काट दिया गया।

# 40 साल बाद मिले मॉडलियन मित्र

जबलपुर, (ए)। पंडित लज्जाशंकर झा मॉडल हाई स्कूल के वर्ष 1985 बैच के मॉडलियन साथियों का रियूनियन कार्यक्रम बेहद आत्मीय और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। लगभग 40 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी साथियों की बचपन की यादें ताज़ा हो उठीं और पूरा वातावरण भावनाओं व खुशियों से भर गया।

कार्यक्रम का संयोजन हर्ष श्रीवास्तव, शिवेंद्र परिहार एवं अरुणेश सिंह ने किया । देश-विदेश से आए बचपन के मित्रों ने एक-दूसरे से मिलकर पुरानी स्मृतियों को साझा किया और बीते दिनों की यादों को फिर से जीवंत किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यादों की



गुल्लक नामक एक अनोखा कॉर्नर रहा, जिसमें बचपन की छोटी-छोटी खुशियों को संजोकर प्रस्तुत किया गया था। इस कॉर्नर पर उस दौर की लोकप्रिय चीजें संतरे की गोलियां, उबले बेर, पारले किस्मी टॉफी, जीराबटी, गटागट और फिंगर्स रखी गई थीं, जिनका सभी साथियों ने सपरिवार आनंद लिया और बचपन के दिनों को फिर से महसूस किया।

रियूनियन के दौरान सपरिवार परिचय सत्र आयोजित किया गया तथा बरगी में क्रूज की सवारी का सभी ने आनंद उठाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी मित्रों ने नंदकेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।अगले दिन सभी साथी सपरिवार पंडित लज्जाशंकर झा मॉडल हाई स्कूल पहुंचे और अपने गुरुजनों अरुण शुक्ला तथा आर के जैन सर से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। सुशांत दुबे ने सरस्वती वंदना एवं शाला की प्रार्थना को गाते हुए सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।चार दशक बाद हुए इस मिलन समारोह ने मित्रता, अपनत्व और स्मृतियों की मधुर छाप सभी के मन में छोड़ दी।

# व्यापार समाचार

## पश्चिम एशिया तनाव और एफआईआई की बिकवाली ने भारतीय शेयर बाजार में डाला दबाव

### - बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में ही पांच फीसदी से अधिक की गिरावट रही

मुंबई (ए.)। बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने चार साल में अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही पांच फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। इस सप्ताह के दौरान निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता कमजोर रही, रुपये में कमजोरी जारी रही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली लगातार देखी गई और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बाजार पर दबाव डाला। केवल मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से थोड़ी राहत देखने को मिली, जब उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष जल्द समाप्त हो सकता है। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को सेंसेक्स 77,566.16 अंक पर बंद हुआ, जिसमें 1,352.74 अंक की गिरावट देखी गई। निफ्टी 24,028.05 अंक पर बंद हुआ, जो 422.40 अंक कम था। पश्चिम एशिया में तनाव और कमजोर वैश्विक संकेतों के




कारण निवेशक बेचने के मूड में थे। मंगलवार को बाजार में सुधार देखा गया। सेंसेक्स 78,205.98 अंक और निफ्टी 24,261.60 अंक पर बंद हुए। अमेरिकी बयान और डॉलर के मुकाबले रुपया 92.14 तक मजबूत होने से बाजार को थोड़ी राहत मिली। बुधवार को बाजार फिर लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 76,863.71 अंक और निफ्टी 23,866.85 अंक पर आ गए। ब्लू-चिप बैंक शेयरों में बिकवाली और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी मुख्य कारण रहे। गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और कमजोर वैश्विक रुझानों के चलते सेंसेक्स 76,034.42 अंक और निफ्टी 23,639.15 अंक पर गिर गया। सप्ताह का सबसे बड़ा नुकसान शुक्रवार को दर्ज हुआ। सेंसेक्स 74,563.92 अंक पर बंद हुआ, जिसमें 1,470.50 अंक की गिरावट रही, जबकि निफ्टी 23,151.10 अंक पर पहुंच गया। इस दिन बाजार में पश्चिम एशिया तनाव, लगातार बिकवाली और निवेशकों के डर ने प्रमुख भूमिका निभाई। बीते सप्ताह स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का मार्केट कैपिटल सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इसके अलावा लार्सन एंड टूब्रो, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस भी दबाव में रहे।

## इंडिगो यात्रियों को झटका, हवाई सफर हुआ महंगा; टिकट बुक करने से पहले जान लें कितने बढ़ गए दाम

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हवाई सफर करने वालों को बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने अपनी सभी डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स की टिकट कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। विमान ईंधन (ATF) की कीमतों में आए तेज उछाल के कारण एयरलाइन ने किराये में यह बड़ा इजाफा किया है। इंडिगो ने अब यात्रियों पर 'फ्यूल चार्ज' के रूप में 425 रुपये से लेकर 2300 रुपये तक का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। टिकट की ये नई और बढ़ी हुई कीमतें आज यानी 14 मार्च 2026 से ही लागू हो गई हैं। नई बुकिंग पर आज से ही देना होगा 'फ्यूल चार्ज'एयरलाइन द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, मध्य-पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते ईंधन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

## मेड इन अमेरिका' के फर्जी दावों पर ट्रंप की सख्ती, नया कार्यकारी आदेश जारी

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश (एग्जीक्यूटिव ऑर्डर) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य उन कंपनियों और विक्रेताओं पर कार्रवाई करना है जो अपने उत्पादों को गलत तरीके से मेड इन अमेरिका बताकर बेचते हैं। इस आदेश के तहत संघीय एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे उन निर्माताओं और ऑनलाइन विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जो झूठे तरीके से अपने उत्पादों को अमेरिकी निर्मित बताकर प्रचारित करते हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार यह कदम उपभोक्ताओं और उन व्यवसायों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है जो वास्तव में अमेरिका में ही अपने उत्पादों का निर्माण करते हैं।आदेश में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि जिन उत्पादों का प्रचार 'मेड इन अमेरिका' के रूप में किया जा रहा है, वे वास्तव में संयुक्त राज्य अमेरिका में ही बने हैं या नहीं।नए आदेश के तहत फेडरल ट्रेड कमिशन (एफटीसी) के अध्यक्ष को ऐसे मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है जिनमें उत्पादों पर मेड इन अमेरिका, मेड इन द यूएसए या इसी तरह के दावे किए जाते हैं।इसके अलावा एफटीसी ऑनलाइन मार्केटप्लेस के लिए नए नियम भी प्रस्तावित कर सकता है। आदेश के मुताबिक, यदि कोई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसी उत्पाद के देश-उत्पत्ति (कंट्री ऑफ ओरिजन) के दावों की पुष्टि नहीं करता, तो इसे अमेरिकी कानून के तहत भ्रामक या अनुचित व्यापारिक व्यवहार माना जा सकता है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम डिजिटल मार्केटप्लेस के तेजी से बढ़ते दौर में सामने आई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। कई विदेशी निर्माता और विक्रेता देशभक्ति की भावना को लक्ष्य बनाते हुए अपने उत्पादों को अमेरिकी निर्मित बताकर बेचते हैं, जबकि वास्तव में वे अन्य देशों में बने होते हैं।

## नेपाल को भारत से 350 मेगावाट बिजली आयात की मंजूरी, बैठक में हुआ समझौता

काठमांडू , (आरएनएस) । नेपाल के पश्चिमी शहर पोखरा में भारत और नेपाल के अधिकारियों के बीच एक द्विपक्षीय तंत्र की दो-दिवसीय बैठक हुई। इस बैठक में नेपाल के लिए पड़ोसी भारतीय राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से 350 मेगावाट तक बिजली आयात करने का रास्ता साफ हुआ। नेपाल बारिश के मौसम में भारत को बिजली निर्यात करता है, लेकिन सर्दियों में उसे भारत से बिजली खरीदनी पड़ती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सर्दियों में उसके ज्यादातर रन-ऑफ-द-रिवर पनबिजली प्रोजेक्ट अपनी स्थापित क्षमता से कहीं कम बिजली पैदा करते हैं।पावर एक्सचेंज कमेटी (पीईसी) की बैठक में बिजली खरीद दर को 1.5 प्रतिशत बढ़ाने पर सहमति बनी। पावर एक्सचेंज कमेटी (पीईसी) में नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (एनईए) और सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए), भारत शामिल हैं। इससे नेपाल को सर्दियों में इन तीन भारतीय राज्यों से बिजली आयात जारी रखने में मदद मिलेगी।

समझौते के अनुसार, 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के जरिए दी जाने वाली बिजली की खरीद दर एनपीआर 8.22 प्रति यूनिट तय की गई है। इसी तरह, 33 केवी स्तर के जरिए दी जाने वाली बिजली की दर एनपीआर 8.91 प्रति यूनिट तय की गई है, जबकि 11 केवी लाइन के जरिए खरीदी गई बिजली की दर एनपीआर 9.55 प्रति यूनिट तय की गई है। एनईए ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह दर एक साल के लिए लागू रहेगी।

## बड़ी कंपनियों के आईपीओ को आसान बनाने के लिए सरकार ने पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। सरकार ने बड़ी कंपनियों के आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) को आसान बनाने के लिए न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत बड़ी कंपनियां अब आईपीओ के समय कम हिस्सेदारी जनता को ऑफर कर सकेंगी और बाद में चरणबद्ध तरीके से इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ा सकेंगी। यह संशोधन कंपनी की आईपीओ के बाद की पूंजी (पोस्ट-इश्यू कैपिटल) और शेयर के मूल्य के आधार पर न्यूनतम पब्लिक ऑफर को तय करता है।नए नियमों के अनुसार, जिन कंपनियों की पोस्ट-इश्यू पूंजी 1,600 करोड़ रुपए से ज्यादा और 4,000 करोड़ रुपए तक है, उन्हें कम से कम 400 करोड़ रुपए के शेयर जनता को ऑफर करने होंगे।वहीं 4,000 करोड़ रुपए से ज्यादा और 50,000 करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को लिस्टिंग के समय कम से कम 10 प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे और तीन साल के भीतर इसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना होगा, जैसा कि सेबी द्वारा तय किया जाएगा।इसके अलावा 50,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को कम से कम 1,000 करोड़ रुपए के शेयर जनता को ऑफर करने होंगे, और हर वर्ग के शेयरों में कम से कम 8 प्रतिशत हिस्सेदारी पब्लिक के पास होनी चाहिए।जबकि, 1 लाख करोड़ रुपए से 5 लाख करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को कम से कम 6,250 करोड़ रुपए के शेयर ऑफर करने होंगे और लिस्टिंग के समय कम से कम 2.75 प्रतिशत पब्लिक शेयरहोल्डिंग बनाए रखनी होगी।

# इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन पर 31 तक ही मिलेगा सरकारी इंसेंटिव

नई दिल्ली (ए)। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के पीछे सरकार की प्रोत्साहन नीतियां और सब्सिडी बड़ी वजह मानी जा रही हैं, जिसके चलते अब कई ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर खरीदने वाले ग्राहकों के लिए मौजूदा समय काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इन वाहनों पर मिलने वाला डिमांड इंसेंटिव केवल 31 मार्च 2026 तक ही उपलब्ध रहेगा। इसके बाद यह सब्सिडी समाप्त हो जाएगी। हालांकि केंद्र सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन योजना पीएम ई-ड्राइव स्कीम 31 मार्च 2028 तक लागू रहेगी, लेकिन दो और तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा प्रोत्साहन सीमित अवधि के लिए ही है। ऐसे में जो लोग इलेक्ट्रिक स्कूटर या बाइक खरीदने की योजना बना रहे हैं, उनके लिए अभी खरीदारी करना अधिक लाभदायक हो सकता है। यह योजना 1 अक्टूबर 2024 से शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी




को बढ़ावा देना और स्वच्छ परिवहन को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया, तीनपहिया, ई-एम्बुलेंस और इलेक्ट्रिक ट्रकों के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

योजना के अंतर्गत सरकार सीधे आर्थिक प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर बैटरी क्षमता के आधार पर इंसेंटिव दिया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह प्रोत्साहन प्रति किलोवाट-घंटा 5,000 रुपये तक था, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह घटकर 2,500 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा रह जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को आसान बनाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। देशभर में हजारों सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिसके लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये की सहायता निर्धारित की गई है।

इसके अलावा कई कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर पर अतिरिक्त छूट और विशेष ऑफर भी दे रही हैं। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में लगातार नई कंपनियां भी प्रवेश कर रही हैं। हालांकि बिक्री के मामले में अभी भी कुछ बड़ी कंपनियों का दबदबा बना हुआ है, लेकिन छोटे ब्रांड भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सोच प्रतिबिंबित हुई

मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई।

मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है।


जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं।उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे। सवाल उठा कि क्या कनाडा के सरकारी दायरे में कुछ ताकतें भारत से अपने देश के सुधरते संबंध को लेकर खुश नहीं हैं? जिस समय भारत और कनाडा ने पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने का फैसला किया है, दोनों देशों की सरकारों को ऐसी कोशिशों से सावधान रहना होगा। उन्हें दोनों देशों को जोड़ने वाले पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिनमें भारतीय प्रवासी एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं।

# तेल-गैस संकट के समय आत्मनिर्भर क्यों नहीं बने?

सौरभ वार्ष्णेय

**दुनिया में जब भी मध्य-पूर्व में तनाव या युद्ध की स्थिति बनती है, तब सबसे पहले तेल-गैस की कीमतों पर असर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करते हैं, ऐसे समय में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी भारत तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया?सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत के पास सीमित प्राकृतिक तेल-गैस भंडार हैं। देश में कुछ क्षेत्रों—जैसे समुद्री तटों और पूर्वोत्तर राज्यों—में तेल-गैस मिलती है, लेकिन यह हमारी बढ़ती जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। आज भी भारत अपनी लगभग 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से आयात करता है। दूसरा कारण यह है कि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण तेल-गैस की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू उत्पादन इस गति से नहीं बढ़ पाया।तीसरा कारण नीतिगत और तकनीकी चुनौतियाँ भी रही हैं। कई बार तेल-गैस की खोज और उत्पादन के लिए पर्याप्त निवेश, आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र की भागीदारी समय पर नहीं बढ़ पाई। इसके कारण संभावित भंडारों का पूरा उपयोग नहीं हो सका।**

हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैव-ईंधन (एथेनॉल) का उपयोग बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना और नए तेल-गैस क्षेत्रों की खोज करना इसी दिशा के प्रयास हैं।स्पष्ट है कि तेल-गैस में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना आसान नहीं है, लेकिन ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर भारत




अपनी निर्भरता जरूर कम कर सकता है। यही भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता भी है।

ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ

देश में बार-बार उभरने वाला तेल-गैस संकट यह संकेत देता है कि केवल आयातित ऊर्जा पर निर्भर रहना लंबे समय तक सुरक्षित रणनीति नहीं हो सकती। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढने या भू-राजनीतिक तनाव होने पर देश की अर्थव्यवस्था तुरंत प्रभावित हो जाती है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।सबसे पहले, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। भारत भौगोलिक रूप से सौर ऊर्जा के लिए बेहद अनुकूल देश है। अगर गांव-गांव में रूफटॉप सोलर प्लांट और बड़े सौर पार्क स्थापित किए जाएँ तो बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा स्वदेशी और स्वच्छ स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएँ हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने का है। इसके लिए नई खोज, आधुनिक तकनीक और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। समुद्री क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए सरकार को स्पष्ट नीतियाँ और आसान नियम बनाने होंगे, ताकि घरेलू उत्पादन में तेजी आ सके।इसके साथ-साथ जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी ऊर्जा नीति का अहम हिस्सा बनाना होगा। एथेनॉल मिश्रण, बायोगैस प्लांट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे प्रयास न केवल ऊर्जा संकट को कम करेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। अंततः ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ तकनीक के उपयोग में आम नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर प्रयास करें तो भारत न केवल ऊर्जा संकट से उबर सकता है, बल्कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी बढ़ा सकता है।

घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, तेल-गैस संकट और आपूर्ति शृंखला में बार-बार आने वाली बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का आधार उसका मजबूत घरेलू उत्पादन होता है। यदि भारत को दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत करना आवश्यक है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार पैदा करता है और स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाता है। सरकार को इन उद्योगों को सस्ती पूंजी, तकनीकी सहायता और आसान नियम उपलब्ध कराने चाहिए।दूसरा महत्वपूर्ण कदम कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। यदि कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण देश में ही बड़े पैमाने पर होगा, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी।तीसरा, तकनीक और नवाचार को उत्पादन से जोडना जरूरी है। आधुनिक मशीनों, डिजिटल तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।इसके अलावा सरकार को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। लोकल फॉर वोकल जैसी पहल तभी सफल होगी जब उपभोक्ता भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। घरेलू उत्पादन बढ़ाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उद्योग, किसान और उपभोक्ता—सभी की साझा भागीदारी से ही यह संभव है। यदि सही नीतियों और जनसहयोग के साथ प्रयास किए जाएँ, तो भारत न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकेगा बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूत स्थान बना पाएगा।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

# ईरान हार कर भी जीत जाएगा

**पंकज शर्मा**

युद्ध तीन हफ़्ते चले या तीन महीने, जब ख़त्म होगा तो ईरान अगर हारा तो हार कर भी जीत जाएगा और इज़राइल-अमेरिका जीते भी तो जीत कर हार जाएंगे। इस युद्ध का नतीजा कुछ भी निकले, एक बात तय है कि इस के बाद किसी भी देश पर आक्रमण करने की हिम्मत अमेरिका बरसों-बरस नहीं करेगा।

दुनिया भर को हर वक़्त अपनी धौंसबाज़ी के तेवर दिखाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरान से उलझने के बाद भीतर से इतने भयभीत हो गए हैं कि अंडे के आकार वाले अपने दफ़्तर में आसपास खड़े पादरियों के साथ थरथर मुद्रा में बैठे पूजा-पाठ कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों से चुनींदा पादरियों को ओवल ऑफिस बुलाया। पादरियों ने अपने हाथ ट्रंप के बदन पर रखे और प्रार्थना की कि 'इस चुनौतीपूर्ण दौर में' उन्हें 'अलौकिक मार्गदर्षन' और 'बुद्धमत्ता' हासिल हो। अमेरिकी सेना की हिफ़ाज़त के लिए भी पादरियों ने विशेष आराधना की। ट्रंप अर्चना-वंदना की पूरी अवधि में अपनी कुर्सी पर सिर झुका कर बैठे रहे और मन-ही-मन कुछ बुदबुदाते रहे।

इस पूजन के मुख्य पादरी टॉम मुलिन्स थे। वे दक्षिण फ्लोरिडा के क्राइस्ट फैलोशिप चर्च के संस्थापक हैं। पादरी बनने के पहले वे फुटबॉल-कोच थे। पॉम बीच गार्डन्स में रहते हैं। ट्रंप का मूल निवास मार-ए-लागो रिसॉर्ट क्लब भी पॉम बीच गार्डन्स में ही है। पूजा-पाठ के बारे में मुलिन्स ने बताया है कि हम ने परमपिता से प्रार्थना की है कि वे ट्रंप के दिलो-दिमाग को इस मौक़े पर विवेक-बुद्धि से ओतप्रोत रखें। हम ने देवलोक से यह अनुरोध भी किया है कि वह अमेरिकी सेना की रक्षा करे।



लक्षण साफ हैं। ट्रंप बाहर से दहाड़ रहे हैं, मगर अंदर-ही-अंदर खुद की मिमियाहट खुद ही सुन रहे हैं। उन्हें अहसास हो गया है कि ईरान के मामले में वे बुरी तरह फंस गए हैं। ईरान को ले कर उन का आकलन ग़लत निकल गया है। तबाह होते ईरान ने इज़राइल को भी बर्बाद करने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखी है। अरब और खाड़ी के मुल्क़ों में जितने भी अमेरिकी सैन्य अड्डे थे, उन्हें ईरान ने तक़रीबन ध्वस्त कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन को ईरान की तरफ़ से इतने असरदार प्रतिकार का अंदाज़ नहीं था। सो, अब ट्रंप को लग रहा है कि उन्होंने इज़राइली प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू के चक्कर में अच्छी-ख़ासी मुसीबत मोल ले ली है।

ईरान-प्रसंग में अमेरिका दुनिया में अकेला-सा पड़ गया है और ट्रंप अमेरिका में अकेले पड़ गए हैं। अमेरिकी संसद से ले कर वहां की सड़कों तक पर ट्रंप विरोधी माहौल है। उन्हें अमेरिका को नाहक एक परेशानी में फंसाने के लिए ज़िम्मेदार माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ भी ईरान युद्ध की बेहद सख़्ती से निंदा कर चुका है। ज़्यादातर देश ईरान पर हमले को अनुचित बता चुके हैं। इन में वे देश भी शामिल हैं, जो आमतौर पर अमेरिका के हमजोली और हमसफ़र माने जाते हैं। ज़ाहिर है कि इस सब ने ट्रंप के आत्मविश्वास को भीतर से बुरी तरह हिला दिया है और वे पालनहारे की शरण में चले गए हैं। 'तेरे बिन हमरा कौनो नाहीं' की यह मनोदशा किन परिस्थितियों में व्यक्ति का आलिंगन करती है, आप जानते ही हैं।

युद्ध तीन हफ़्ते चले या तीन महीने, जब ख़त्म होगा तो ईरान अगर हारा तो हार कर भी जीत जाएगा और इज़राइल-अमेरिका जीते भी तो जीत कर हार जाएंगे। इस युद्ध का नतीजा कुछ भी निकले, एक बात तय है कि इस के बाद किसी भी देश पर आक्रमण करने की हिम्मत अमेरिका बरसों-बरस नहीं करेगा। ईरान युद्ध से दुनिया भर में उस की दादागीरी का, उस की धौंसपट्टी का, उस की लुच्चागिरी का अंतिम अध्याय लिखा जा रहा है। यह युद्ध ट्रंप की व्यक्तिगत राजनीतिक यात्रा पर भी पूर्ण विराम लगाने वाला साबित होगा।


ईरान युद्ध से किस-किस की अर्थव्यवस्था पर क्या-क्या असर पड़ेगा, इस का विश्लेषण अलग-अलग विशेषज्ञ हर रोज़ कर रहे हैं। युद्ध के नफ़ा-नुक़्सान पर 'जाकी रही भावना जैसी' के आवरण से झांकती टिप्पणियां हम आजकल दिन-रात सुन-पढ़ रहे हैं। इस युद्ध से पूरी दुनिया पर होने वाले तरह-तरह के प्रभावों को हम आने वाले दिनों में देखेंगे-भुगतेंगे। मगर जो सब से बड़ा और तक़रीबन अमिट असर यह युद्ध छोड़ कर जाएगा, वह यह होगा कि दशकों-दशक लोग यह याद करेंगे कि, अमेरिका और इज़राइल तो छोड़िए, किस तरह अपने-अपने स्वार्थ साधने की हवस में किन-किन मुल्क़ों ने नैतिकता और न्याय के सिद्धांतों को उठा कर ताक पर रख दिया था?

# बालेन शाह होंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

नेपाल में संसदीय चुनाव के प्रारंभिक परिणामों और रूझानों से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के मुखिया बालेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री होंगे। इस चुनाव में नेपाल के मतदाताओं ने अदभुत परिपक्वता और परिवर्तन की मानसिकता का परिचय दिया है। बीत वर्ष की बात है कि नेपाल में जेनरेशन ज़ेड के बेलगाम हिंसक आंदोलन ने ओली सरकार का तख्तापलट दिया था और देश की सियासी फिज़ा बदल दी थी। तब एक युवा चेहरा तेजी से परिदृश्य में उभरा था। यह चेहरा था बालेंद्र शाह या बालेन शाह का, जिन्हें बोलचाल में बालेन कहकर बुलाया जाता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की स्थापना 21 जून, 2022 को पत्रकार रबी लामिछाने ने की थी। गत वर्ष बालेन को पीएम बनाने की मांग उठी थी, किंतु उन्होंने इसे कुबुल नहीं किया था। संप्रति, काठमांडु के महापौर बालेन के कक्ष में ग्रेटर नेपाल का नक्शा अभी भी लटका हुआ है।

बालेन की उम्र ज्यादा नहीं है। यही कोई- पैंतीस वर्ष। उनका जन्म 27 अप्रैल, 1990 को हुआ। वह फिलवक्त राजधानी काठमांडू के महापौर हैं। सामान्यतः मेयर नगर निगमों के कामकाज में उलझे रहते हैं, लेकिन बालेन का पिंड अलग है। उन्होंने अपनी आक्रामक और तुर्श राजनीति से सारे देश का ध्यान आकृष्ट किया है और आंदोलन की धुरी बनकर उभरे हैं। सोशल मीडिया पर वह खासे लोकप्रिय हैं। उनके लाखों फालोअर्स हैं। नेपाली युवाओं के वह आईकॉन या रोल मॉडल हैं। यह अकारण नहीं है कि सन 2023 में 'टाइम' ने उन्हें विश्व के 100 शीर्ष व्यक्तित्वों में शामिल किया। वह नेपाली रैपर, संगीतकार, इंजीनियर और राजनीतिज्ञ हैं। काठमांडू के महापौर चुने गये वह पहले निर्दलीय प्रत्याशी हैं और मुद्दों पर किसी भी अथार्टी से भिड़ने के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। बालेन शाह काठमांडू के 15वें मेयर हैं। वह सन 2022 में ग्रीष्म में पांच वर्षों के लिए मेयर चुने गये थे। उन्होंने 10+2 की पढ़ाई बीएस निकेतन हायर सेकेंड्री स्कूल से की। हिमालयन व्हाइट हाउस इंटरनेशनल कालेज से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री के बाद उन्होंने भारत में कर्नाटक में स्थित विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एमटेक किया। उनके पिता आयुर्वेद चिकित्सक थे, लेकिन बालेन का मन संगीत में रमा। इसमें उन्हें खासी कामयाबी मिली। वह काठमांडू के रैप मुकाबलों में सक्रिय रहे।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। सरकार द्वारा कृषि संसाधनों की प्राप्ति होने से कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले कुछ दिनों में स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस में तरक्की के योग बन रहे हैं। आज अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे, परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें लोग आपका समर्थन करेंगे।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन और अनाज के कारोबारियों को आज अधिक लाभ मिलने की संभावना है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के टेक्नॉलॉजी के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी सीनियर से राय ले लें। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा।

कन्या राशि:कन्या राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज अनावश्यक विवाद में पड़ने से बचें वरना आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। पारिवारिक संबंधों में पहले की अपेक्षा अधिक गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों के बॉस उनकी सैलरी में इन्क्रीमेंट करने घोषणा करेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं। आपके द्वारा लिए गए निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपकी कड़ी मेहनत सफलता दिलाएगी जिससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी और व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। होटल रेस्टॉरेंट के बिजनेस में आज सेल दोगुनी होगी। आज शाम आप दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आज आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन शुभ फलदायक साबित होगा। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। आज आपकी सूझबूझ और मेहनत से पड़ोस में चल रहे काफी पुराने विवाद का निपटारा हो जायेगा। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष बेहतर होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं इससे आप दोनों के बीच भरोसा और अंडरस्टैंडिंग बेहतर होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद कपड़े लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का उसके मनचाहे फील्ड में सेलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटें। इस राशि के लव मेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी।

# (विचार-मंथन) सीआईए का रेड अलर्ट, डोनाल्ड ट्रंप को बंकर में?

**(लेखक-सनत जैन**

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने अमेरिका में 'क्रेडिबल थ्रेट' का अलर्ट जारी किया है। उसके बाद से अमेरिका में और घबराहट देखी जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस के अंडर ग्राउंड के बंकर में सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से वह अपना ज्यादा समय बंकर में बिता रहे हैं। व्हाइट हाउस में बना बंकर सुरक्षा के लिहाज से बेहद अत्याधुनिक है। इसे राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए आपातकालीन परिस्थितियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इस बंकर की लंबाई 761 फीट, चौड़ाई 10 फीट और ऊंचाई 7 फीट है। यहां हवा, पानी, भोजन और संचार जैसी सभी अत्याधिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ईरान ने हाल ही में मध्य पूर्व देशों के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से घातक हमले किए हैं। इन हमलों को अमेरिका और इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीरता से लिया है। ईरान के पास इन दिनों चीन, रूस और नॉर्थ कोरिया के भी हथियार होने की संभावना देखी जा रही है। ईरान के पास बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियार हैं। हथियारों के संबंध में जानकारी अमेरिका और इजरायल को तब लग पा रही है, जब ईरान उनका उपयोग कर रहा है। जिससे अमेरिका में राष्ट्रपति और महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा का खतरा, गंभीर चेतावनी बनकर सामने आया है। हालांकि ईरान के पास सीधे अमेरिका तक मार करने वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें या फाइटर जेट्स उपलब्ध नहीं हैं। फिर भी अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियों को ड्रोन हमले, क्रूज मिसाइल, स्लीपर सेल तथा ईरान को जिस तरह के हथियारों से युद्ध में सहायता मिल रही है, उसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के ऊपर खतरा बढ़ गया है। यही वजह है, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने तत्काल रेड अलर्ट जारी करके सुरक्षा इंतजाम में भारी बदलाव किए हैं। इसमें



सर्वोपरि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा व्यवस्था है। इसलिए ट्रम्प को सुरक्षा कर्मियों ने बंकर में रहने की सलाह दी है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है, अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी और सैन्य क्षमता कितनी भी अत्याधुनिक और बड़ी क्यों न हो, सुरक्षा के मामलों में अमेरिका हमेशा सतर्क रहता है। ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह खामनेई की हत्या के बाद ट्रम्प के लिए खतरा और बढ़ गया है। ईरान की ओर से लगातार धमकी मिल रही है। ईरान बातचीत करने के लिए कहीं से भी तैयार नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति को सुरक्षित रखने के लिए बंकर का उपयोग किया जा रहा है। जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान द्वारा निशाने पर लिया जा रहा है। उसको देखते हुए ट्रंप की सुरक्षा अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। अमेरिका में बंकर की व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पर्ल हार्बर जैसे हमले का मुकाबला करने के लिए आपात स्थिति को ध्यान में रखकर बनाई गई थी, जिसका अब उपयोग होने जा रहा है। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच का यह तनाव वैश्विक राजनीति और सुरक्षा के लिहाज से गंभीर घटना है, जो यह दिखाता है, ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका की यह जंग केवल मिसाइल या जेट्स तक सीमित नहीं है। साइबर हमले, ड्रोन स्ट्राइक और आतंकवादी नेटवर्क भी अमेरिका और इजरायल के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी खुफिया इनपुट को हल्के में नहीं ले रही हैं। उनके लिए राष्ट्रपति की सुरक्षा सर्वोपरि है। सीआईए का यह रेड अलर्ट, राष्ट्रपति ट्रंप को बंकर में सुरक्षित रखने की रणनीति, अमेरिका की सतर्कता और युद्ध के आधुनिक स्वरूप के रूप में मिल रही चुनौती को दर्शाता है। वर्तमान का यह घटनाक्रम साबित करता है, कि वैश्विक राजनीति में हथियार, नवीनतम उपकरणों की शक्ति, खुफिया सुरक्षा तथा अत्याधुनिक रक्षा प्रणाली, संचार माध्यम युद्ध के दौरान बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिस तरीके से हथियारों में बदलाव आ रहा है। छोटे-छोटे से हथियार बड़े घातक स्वरूप में सामने आ रहे हैं। कम कीमत के छोटे-छोटे हथियार बड़े हथियारों के मुकाबले ज्यादा घातक और बड़े प्रभावी रुप से सामने आये हैं। उसने महाशक्तियों के लिए भी एक नई चुनौती तैयार कर दी है। वर्तमान में युद्ध के दौर में जिस तरह के परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, उसने दुनिया के सभी देशों में हैरानी पैदा कर दी है। हथियारों और युद्ध के जो परंपरागत स्रोत थे, उनका स्थान अब नवीनतम तकनीकी के हथियार ले रहे है। जो अर्थव्यवस्था में बदलाव का सबसे बड़ा संकेत है। वर्तमान युद्ध ने यह बता दिया है, कि युद्ध ताकत से नहीं जीता जा सकता है। युद्ध जीतने के लिए और भी बहुत सारे उपाय करने होंगे। अन्यथा बड़ी से बड़ी महाशक्ति छोटे-छोटे देश का मुकाबला नहीं कर सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 4 साल से युद्ध चल रहा है। रूस महाशक्ति होते हुए भी अभी तक यूक्रेन को पराजित नहीं कर पाया है। यह सब नवीनतम तकनीकी के कारण सम्भव हो पाया है। पहली बार अमेरिका को इसका अहसास हो रहा है। ईरान के मामले में यदि अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरु करने के पूर्व जरा भी गंभीरता बरती होती, तो उन्हें इस तरह का भारी नुकसान नहीं उठाना पड़ता।



# दिल्ली में गैस सिलेंडर संकट से हाहाकार, 700 रुपये "दिहाड़ी" पर लाइन में लगने से हड़कंप

नई दिल्ली,(ए.)। राजधानी दिल्ली में रसोई गैस की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हाल के दिनों में गैस एजेंसियों और गोदामों में लंबी कतारों की तस्वीरें सामने आई हैं। शास्त्री पार्क और न्यू सीलमपुर के गोदामों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि लोग बुकिंग करने के बजाय खुद सिलेंडर लेने और कतार में खड़े रहने को मजबूर हैं।

गोदामों में सुबह पांच-छह बजे से ही लाइनें लगना शुरू हो जाती हैं, जबकि एजेंसियां आधिकारिक तौर पर 9:30 बजे खुलती हैं। सिलेंडर स्टॉक कम होने और अचानक बढ़ी बुकिंग के कारण लोगों में अफरा-तफरी फैल गई है। कई लोग खाली सिलेंडर लेकर सीधे गोदाम पहुंचे और वहां लंबी कतार में खड़े होकर सिलेंडर लेने लगे। गोदाम पर एक मामले ने माहौल और गर्म कर दिया। एक शख्स ने अपने साथी को लाइन में खड़ा करने के लिए 700 रुपये की दिहाड़ी ली। उसने कहा कि वह रोजा रखे है इस कारण उसने अपने लिए लाइन में दूसरे को पैसार देकर खड़ा किया है। इससे आसपास खड़े लोग चौंक गए, लेकिन कई ने इसे व्यवस्था का एक उपाय माना।



लोगों की नाराजगी और मुश्किलों की एक वजह डिलीवरी बॉय की भी है। एक डिलीवरी बॉय ने मीडिया को बताया कि बिगड़ते हालात में घर-घर सिलेंडर पहुंचाना जोखिम भरा हो गया है। हाल ही में ब्रह्मपुरी रोड पर सिलेंडर ले जाने वाले डिलीवरी बॉय को बीच रास्ते में रोककर उससे जबरन सिलेंडर लूट लिया गया और 1000 रुपये फेंककर भाग गए। ऐसे हालात में कई डिलीवरी बॉय अपने घर या छुट्टी के कारण काम पर नहीं आए, जिससे डिलीवरी और भी पेंडिंग में चली गई।

### अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ रही

लोगों की परेशानी सिर्फ समय की ही नहीं, बल्कि दाम की भी है। पुराने रेट पर बुक किए गए सिलेंडर के लिए अतिरिक्त पैसे चुकाने पड़े। एक उपभोक्ता ने बताया कि उन्होंने 853 रुपये में सिलेंडर बुक किया था, लेकिन पुराने स्टॉक खत्म होने के बाद 60रुपये अतिरिक्त देना पड़ा। इस संकट के समय में कुछ लोग ऐसे भी नजर आए, जिन्होंने लोगों को समझाने और संयम रखने का काम किया हुआ है। ये कहते देखे गए कि घबराने की जरूरत नहीं है, थोड़ा संयम रखिए सिलेंडर समय पर घर पहुंचेगा। अफरा-तफरी और भीड़ के दबाव में लोग अब सब्र से काम लेना ठीक नहीं समझ रहे हैं।

## अगली बार गोली माथे में मारेंगे, सिंगर बादशाह को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। मशहूर बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। एक तरफ हरियाणा पुलिस की ओर से उनके खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है, वहीं अब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से उन्हें जान से मारने की धमकी दिए जाने का दावा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पानीपत में हाल ही में हुई फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी लेते हुए बिश्नोई गैंग ने एक नोट जारी किया है, जिसमें कथित तौर पर बादशाह को धमकी दी गई है। इस नोट के सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है और सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी

बिश्नोई गैंग ने बादशाह को धमकी देते हुए लिखा, 'सिंगर बादशाह, तूने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है। 2024 में तेरे क्लब में तुझे ट्रेलर दिखाया था, अगली बार सीधे तेरे माथे में गोली मारेंगे..' इसके अलावा पोस्ट में Lawrence Bishnoi Group को सलाम लिखते हुए गैंगस्टरों के नाम भी लिखे गए हैं।

बता दें कि बादशाह इन दिनों हरियाणवी गाने टटीरी को लेकर मुश्किल में हैं। हरियाणा महिला आयोग ने इस मामले में काफी सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने पुलिस को आदेश दिया है कि अगर बादशाह जांच में सहयोग नहीं करते तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इसी से साथ महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने ये भी आदेश दिया कि जरुरत पड़ने पर बादशाह का पासपोर्ट भी जब्त कर लिया जाए ताकि वह देश छोड़कर न जा सकें।

## यमुना अथॉरिटी के इंडस्ट्रियल पार्कों में आएगी रफ्तार, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया स्थलीय निरीक्षण

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में बन रहे विभिन्न इंडस्ट्रियल पार्कों के निर्माण और वहां इकाइयों की स्थापना में अब और तेजी आएगी। शनिवार को उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (औद्योगिक विकास) एवं यमुना अथॉरिटी के अध्यक्ष आलोक कुमार ने मेडिकल डिवाइस पार्क स्थित एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग में समीक्षा बैठक की और चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

बैठक के दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र कुमार भाटिया ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से क्षेत्र में विकसित हो रहे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क, सेमीकंडक्टर पार्क, डेटा सेंटर पार्क, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और जनरल इंडस्ट्री सेक्टरों की वर्तमान स्थिति और अब तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से बताया।अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने न केवल फाइलों में प्रगति देखी, बल्कि खुद मौके पर जाकर सभी इंडस्ट्रियल पार्कों और सेक्टरों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की प्रक्रिया में गति लाने के सख्त निर्देश दिए ताकि निवेशकों को किसी तरह की समस्या न हो। बैठक में एसीईओ राजेश कुमार, ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह, मेहराम सिंह, जीएम प्रोजेक्ट राजेंद्र भाटी सहित नियोजन, परियोजना और विद्युत विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## बहुजन समाज के सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए खड़ी रहेगी कांग्रेस, कांशीराम की जयंती पर बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और समाज सुधारक कांशीराम की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी खड़ी थी, आज भी है और हमेशा रहेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, बहुजन नायक कांशीराम की जयंती पर उन्हें सादर नमन। गरीबों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए उनका अथक संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनका मानना था संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचितों की असली ताकत है। राहुल गांधी ने लिखा, संविधान आज खतरे में है। बाबा साहेब के संविधान की शपथ ले कर सत्ता में बैठने वाले ही उसको कमजोर करने पर तुले हैं। जब तक सत्ता में भागीदारी नहीं, तब तक न्याय संभव नहीं, कांशीराम की विरासत यही कहती है। सामाजिक न्याय का यह सपना अधूरा नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी खड़ी थी, आज भी है और हमेशा रहेगी।


## मिडिल ईस्ट में हालात की समीक्षा के बाद भारतीय दूतावास ने जारी किया नया अपडेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका हमलों की वजह से भारी तनाव की स्थिति देखने को मिल रही है। इसका असर इन देशों में रहने वाले छात्रों की पढ़ाई पर भी देखने को मिल रहा है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने जीसीसी में 12वीं कक्षा के बोर्ड एग्जाम के बारे में 15 मार्च 2026 का एक सर्कुलर जारी किया है। यह एडवाइजरी बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के लिए जारी की गई है। ओमान में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी में लिखा, यह 01.03.2026, 03.03.2026, 05.03.2026, 07.03.2026 और 09.03.2026 के सर्कुलर के बाद आया है। प्रभावित देशों के स्कूलों और अथॉरिटीज से मिले इनपुट और अपील के आधार पर 12वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम कराने की संभावना की समीक्षा की गई। एडवाइजरी में आगे कहा गया, बोर्ड ने ये फैसले लिए हैं कि बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई के छात्रों के लिए 16 से लेकर 10 मार्च तक होने वाली 12वीं क्लास की सभी परीक्षाएं कैंसिल कर दी गई हैं। इसके अलावा जो परीक्षाएं पहले 01.03.2026, 03.03.2026, 05.03.2026, 07.03.2026 और 09.03.2026 के सर्कुलर के जरिए स्थगित की गई थीं, वे भी रद्द हो जाएंगी। इन देशों में 12वीं क्लास के छात्र के लिए रिजल्ट घोषित करने का तरीका सही समय पर अलग से बताया जाएगा।बता दें, इससे पहले जब एडवाइजरी जारी की गई थी, तो दूतावास ने जानकारी साझा किया था कि परीक्षा स्थगित होने के बाद नई तारीख बाद में बताई जाएगी। दूतावास ने यह भी बताया था कि सीबीएसई 10 मार्च को स्थिति की समीक्षा करेगा और 12 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के बारे में सही फैसले लेगा।

## परीक्षा प्रक्रिया पर सीएम योगी का सख्त निर्देश, किसी भी व्यक्ति, जाति और पंथ पर अमर्यादित टिप्पणी नहीं होगी स्वीकार्य

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे राज्य में सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने भर्ती बोर्डों से परीक्षा प्रक्रियाओं में गरिमा और संवेदनशीलता सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही, जिलाधिकारियों को राज्य के पश्चिमी हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश के असर की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है। अलग-अलग भर्ती बोर्ड और आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ अथवा संप्रदाय की आस्था और गरिमा के संबंध में किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके दृष्टिगत सभी पेपर सेटर्स को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं और ऐसे आदतन अपराधियों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र तैयार करने वालों को परीक्षा के प्रश्न बनाते समय पूरी सावधानी और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता, संवेदनशीलता और गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। सीएम आदित्यनाथ ने भर्ती अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी प्रश्न पत्र तैयार करने वालों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें, जिसमें अनुचित या आपत्तिजनक सामग्री से बचना अनिवार्य हो।

उन्होंने आगे चेतावनी दी कि जो लोग बार-बार ऐसी गलतियां करते हैं, उन्हें परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल होने से तुरंत रोक दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि भर्ती प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, प्रश्न पत्र तैयार करने वाली एजेंसियों और विशेषज्ञों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) में इस प्रावधान को औपचारिक रूप से शामिल किया



जाना चाहिए।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रही वर्षा के दृष्टिगत अधिकारियों को सतर्क और सक्रिय रहते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को फील्ड में जाकर फसलों को हुई क्षति का तत्काल आकलन कराने, संबंधित अधिकारियों के समन्वय से रिपोर्ट प्राप्त करने और प्रभावित किसानों को समयबद्ध रूप से राहत व मुआवजे के वितरण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा और त्वरित राहत उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**अगरतला के रवींद्र भवन में आयोजित एक शामिल होने के कार्यक्रम के दौरान, टिपरा मोथा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी ) से भाजपा में शामिल हुए नए सदस्य।**

## गुवाहाटी में कई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास, अमित शाह ने की सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की सराहना

गुवाहाटी(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में कई स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जर्जर था। सालों तक शासन में रहने वाली कांग्रेस ने अपने परिवारों के आर्थिक स्वास्थ्य के अलावा लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की। गुवाहाटी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जब से हिमंत बिस्वा सरमा जब से असम के मुख्यमंत्री बने हैं, एक लगन के साथ असम की स्वास्थ्य सेवाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे विकसित राज्यों के समकक्ष बनाने में सफल हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, हिमंत बिस्वा सरमा में एक और कला है। वे सरकार के साथ-साथ समाज को जोड़कर भी अपनी शक्ति को दोगुना करते हैं।शाह ने कहा कि प्रोटोन थेरेपी जैसी अत्याधुनिक तकनीक, जो बहुत महंगी है, देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में प्रोटोन थेरेपी की व्यवस्था नहीं है। हम सभी जानते हैं कि निजी अस्पतालों में इलाज बहुत महंगा होता है। लेकिन हिमंत बिस्वा सरमा 400 करोड़ रुपए की लागत से प्रोटोन थेरेपी को स्थापित करने जा रहे हैं। असम देश का पहला राज्य बनेगा, जहां सरकारी कैंसर अस्पताल में प्रोटोन थेरेपी होगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज 700 करोड़ रुपए की लागत से बने प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन हुआ है। गोलाघाट और तीनसुखिया में कैंसर सेंटर के अलावा दीफू, बरपेटा और जोराहाट में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल व अभ्यापुरी जिला अस्पताल का शिलान्यास हुआ है। शाह ने कहा, एक ही दिन में स्वास्थ्य क्षेत्र में असम को कंप्लीट राज्य बनाने का यह प्रयास हिमंत बिस्वा सरमा ने किया है। मैं इसकी प्रशंसा करना चाहता हूं। उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रकार से आत्मनिर्भर बनाया है।

# श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक रूप देने के लिए मान सरकार द्वारा किए यत्न बहुत ही प्रशंसायोग्य हैं : संत निर्मल दास

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब हेरिटेज एंड टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड के कार्यालय में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता विभिन्न डेरों से पधारे पूजनीय संत-महापुरुषों, आध्यात्मिक गुरुओं और प्रबुद्ध विद्वानों ने की, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों और आम आदमी पार्टी के महासचिव एवं पंजाब हैरीटेज एंड टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड के सलाहकार दीपक बाली ने भी शिरकत कर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

बैठक में संत निर्मल दास जी (जोड़े वाले), संत गुरदीप गिरी जी (पठानकोट वाले), संत मनदीप दास जी (डेरा बल्ला), संत प्रदीप दास जी (डेरा कठार), संत केवल जी (तपस्थान श्री खुरालगढ़), संत इंद्रदास जी (शेखे), विद्वान श्री राजकुमार हंस जी, सोमा अत्री जी, बीबी संतोष कौर तथा परविंदर कौर बंगा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा सभ्याचार विभाग के डायरेक्टर संजीव तिवारी भी बैठक में शामिल हुए और आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।



इस अवसर पर दीपक बाली ने सभी संत-महापुरुषों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि सामाजिक सद्भावना, समानता और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस ऐतिहासिक अवसर को बेहद श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।दीपक बाली ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चार विशाल शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जो विभिन्न स्थानों से शुरू होकर पंजाब के अलग-अलग शहरों और गांवों से गुजरेंगी। पहली शोभायात्रा बनारस से शुरू होगी, जहां गुरु रविदास जी का जन्मस्थान है। दूसरी शोभायात्रा बठिंडा से, तीसरी फरीदकोट से और चौथी जम्मू से निकाली जाएगी।

इन शोभायात्राओं के माध्यम से गुरु रविदास जी के संदेशों और उनकी शिक्षाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इन शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और विभिन्न धार्मिक संस्थाएं शामिल होंगी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे और भक्ति संगीत तथा कीर्तन के माध्यम से गुरु रविदास जी के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## विकसित राजस्थान रन 2026 : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिखाई हरी झंडी, हजारों युवा एक साथ दौड़े

जयपुर(आरएनएस)। राजस्थान सरकार ने राजस्थान दिवस से पहले युवाओं के लिए सार्वजनिक भागीदारी वाली मैराथन विकसित राजस्थान रन 2026 का आयोजन किया। राज्य खेल परिषद द्वारा आयोजित विकसित राजस्थान रन 2026 को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार की सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मैराथन में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थी, एनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी के कैडेट, भारत स्काउट एंड गाइड, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, एनवाईकेएस सदस्य के इसके अलावा विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के युवा और खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मैराथन में पहुंचे भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कहा, विकसित राजस्थान 2047 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत राजस्थान के विकास की यात्रा का प्रतीक है, जो राज्य के ऐतिहासिक नेताओं के प्रयासों और विरासत को प्रतिबिंबित करता है।इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, आपका हौसला, आपकी उमंग निश्चित रूप से विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करेगी। फिट इंडिया अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री ने स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। हमारे देश में चार जातियां हैं, युवा, महिला, किसान और मजदूर।

# ग्रेटर नोएडा में 270 करोड़ का पानी बिल बकाया, प्राधिकरण ने दी कनेक्शन काटने की चेतावनी

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। शहर के हजारों पानी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। अगर आपने अभी तक पानी का बकाया बिल जमा नहीं किया है तो इसे 31 मार्च से पहले जमा करना जरूरी है, अन्यथा 1 अप्रैल से बकाया राशि पर पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 का ब्याज जोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही प्राधिकरण बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी भी कर रहा है, जिसमें पानी के कनेक्शन काटना भी शामिल है। जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 51 हजार से अधिक पानी के कनेक्शन हैं। इनमें से 29 हजार से अधिक कनेक्शनों पर करीब 270 करोड़ रुपए का बकाया चल रहा है। सबसे ज्यादा बकाया बिल्डर सोसाइटियों पर है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 92 बिल्डर सोसाइटियों पर लगभग 150 करोड़ रुपए का जल शुल्क बकाया है। इसके अलावा 28 हजार से अधिक आवासीय संपत्तियों, 6 आईटी इकाइयों, 321 संस्थागत इकाइयों, 763 औद्योगिक इकाइयों, 20 आवासीय समितियों और 21 व्यावसायिक संपत्तियों पर भी जल शुल्क का बकाया चल रहा है। प्राधिकरण की ओर से कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अब तक बिल जमा नहीं किया है। हालांकि, अब तक निवासियों को असुविधा से बचाने के लिए जल विभाग ने सख्ती नहीं की थी, लेकिन अब प्राधिकरण बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई के मूड में है।अधिकारियों के मुताबिक जो उपभोक्ता 31 मार्च तक बकाया राशि जमा नहीं करेंगे, उनके पानी के कनेक्शन काटे जा सकते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्राधिकरण ने ऑनलाइन बिल देखने और भुगतान करने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। आवंटी प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर अपना बकाया बिल देख सकते हैं और भुगतान कर सकते हैं।



**मंगलुरु में एलपीजी आपूर्ति के संकट के चलते, जिससे तटीय मछली पकड़ने के काम पर असर पड़ रहा है, मछली पकड़ने वाली नावें पुराने बंदरगाह पर ही खड़ी हैं।**

## महक चहल ने शतरंज की बाजी की तरह जिंदगी में भी जीतने की दी सीख




मनोरंजन जगत में सोशल मीडिया अब सिर्फ तस्वीरें पोस्ट करने का जरिया नहीं रह गया है बल्कि सितारे इसके जरिए अपने विचार, अनुभव और जिंदगी के नजरिए भी लोगों के साथ साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री महक चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है जिसने उनके फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में वह शतरंज खेलती नजर आ रही हैं और इसके साथ ही उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प बात लिखी है। महक चहल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शतरंज की बिसात के सामने बैठी नजर आ रही हैं।

तस्वीर में उनका अंदाज काफी शांत दिखाई दे रहा है, जैसे वह अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर मोहरे सजे हुए हैं और महक उन्हें ध्यान से देखती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें जीत दिलाती हैं, कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है।

महक चहल के इस पोस्ट पर फैंस अपनी ओर से खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस संदेश को प्रेरणादायक बताया।

एक यूजर ने कमेंट में लिखा, वाह, क्या बात कही है, जिंदगी सच में शतरंज की तरह ही होती है। एक अन्य फैन ने लिखा, यह सिर्फ शतरंज नहीं, लाइफ की बड़ी सीख है। एक अन्य फैन ने लिखा, हार भी जरूरी है, तभी जीत की कीमत समझ आती है।महक चहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगु फिल्म नीथो से की थी। इसके बाद उन्होंने 2003 में हिंदी फिल्म नई पड़ोसन से बॉलीवुड में कदम रखा, जिससे उन्हें पहचान मिली। आगे चलकर वह कई हिंदी, पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ कई लोकप्रिय गानों में भी डांस परफॉर्मेंस दी। 2009 में वह सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में दिखाई दीं। टेलीविजन पर उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस 5 में हिस्सा लेकर खास लोकप्रियता हासिल की, जहां वह रनर-अप रहीं। बाद में उन्होंने फीयर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया। वहीं नागिन 6 में अहम किरदार निभाया।

## उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज, पवन कल्याण ने लगाया एक्शन और स्वैग का जबरदस्त तड़का




पावर स्टार पवन कल्याण एक बार फिर अपने पुराने तेवर और जबरदस्त स्वैग के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो पूरी तरह से मास-कमर्शियल तत्वों, दमदार डायलॉग्स और हाई-वोल्टेज एक्शन से लबरेज है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि पवन कल्याण इस बार पूरी फॉर्म में हैं और बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

टीजर, गानों की सफलता के बाद निर्माताओं ने उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो मनोरंजन का जबरदस्त पैकेज है। निर्देशक हरीश शंकर ने ट्रेलर में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और दमदार पंच डायलॉग्स का ऐसा तड़का लगाया है, जिसे देखकर फैंस झूम उठे हैं। हरीश जानते हैं कि अपने पावर स्टार को पर्दे पर किस तरह पेश करना है, जिसकी बानगी ट्रेलर में दिख रही है। कुल मिलाकर दर्शकों को एक बेहतरीन कमर्शियल एंटरटेनर मिलने वाली है।पावर स्टार पवन कल्याण की बेमिसाल स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार कॉमेडी टाइमिंग और सबसे खास बात उनके सरप्राइज डांस मूव्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। फिल्म में जहां श्रीलीला के साथ पवन कल्याण की केमिस्ट्री रोमांचक लग रही है, वहीं पार्थिबन का विलेन अवतार फिल्म में जबरदस्त टकराव की ओर इशारा कर रहा है।

## 'पति पत्नी और वो 2' का शेड्यूल हुआ पूरा, वामीका गब्बी ने बॉस्को मार्टिस संग शेयर किया नॉस्टैल्जिक पल



बॉलीवुड अभिनेत्री वामीका गब्बी ने अपनी आगामी फिल्म पति पत्नी और वो 2 का शूट रैप कर लिया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर कोरियोग्राफर बोस्को मार्टिस संग सेल्फी शेयर कर उन्होंने बचपन की यादें ताजा कीं, जो फैंस के लिए नॉस्टैल्जिक मोमेंट बन गया। जब वी मेट के नगाड़ा नगाड़ा सॉन्ग के सेट पर बच्चे के रूप में मौजूद रहने वाली वामीका अब उसी कोरियोग्राफर के साथ डांस कर रही हैं।


यह फिल्म 2019 की हिट पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जो खुद 1978 की क्लासिक का रीमेक थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, जबकि सारा अली खान और वामीका त्रिकोणीय लव स्टोरी का हिस्सा है। वामीका ने स्टोरी कैप्शन में लिखा, बच्चे के रूप में नगाड़ा नगाड़ा सेट पर रहने से लेकर बोस्को मार्टिस द्वारा कोरियोग्राफ होने तक। इससे बेहतर रैप नहीं हो सकता! यह पोस्ट फुल सर्कल मोमेंट का प्रतीक बन गई।

वामीका का करियर तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। खुफिया, फना, ग्लोरी और हालिया भूल चुक माफ से सराहना मिली। पंजाबी मूल की वामीका ने थिएटर से शुरुआत की, फिर ओटीटी पर धमाल मचाया। पति पत्नी और वो 2 में उनकी भूमिका अनन्या पांडे वाली वो से इंस्पायर्ड लग रही है, जो कॉमिक टाइमिंग और रोमांस का मिश्रण होगी। शूटिंग के दौरान प्रयागराज में क्रू पर लोकल्स के हमले जैसी घटना भी हुई, लेकिन फिल्म आगे बढ़ी।

फैंस उनकी पोस्ट पर कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। एक ने कहा, सपनों का पीछा करने वाली लड़की की मिसाल! बॉस्को मार्टिस ने भी रिप्लाई में तारीफ की। यह फिल्म आयुष्मान की ठामा और सारा की मेट्रो इन डिनो के बाद बड़ा रिलीज होगा। वामीका की यह जर्नी युवाओं को प्रेरित करती है कि जड़ों से जुड़कर कैसे नई ऊंचाइयां छुई जा सकती हैं। रिलीज का इंतजार बढ़ गया है!

फिल्म पति पत्नी और वो 2 में वामीका गब्बी के साथ आयुष्मान खुराना और सारा अली खान भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2019 की पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जिसे निर्देशक मुदस्सर अज़ीज बना रहे हैं। फिल्म की रिलीज़ डेट अब 15 मई तय की गई है।

## धुरंधर 2 एडवांस बुकिंगः वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार, अब नजर इस बड़े रिकॉर्ड पर




धुरंधर 2 रिलीज से पहले नए-नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. रणवीर सिंह के फैंस फिल्म धुरंधर: द रिवेंज की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को रिलीज होने वाली है. हालांकि फिल्म के प्रीव्यू शो 18 मार्च को पूरे भारत और दुनिया भर में दिखाए जाएंगे. इन प्रीव्यू शो के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फैंस ने अभी से अपनी सीटें बुक करना शुरू कर दिया है. हालांकि भारत में अभी रेगुलर शो के लिए एडवांस बुकिंग का विंडो ओपन नहीं हुआ है.

धुरंधर 2: द रिवेंज की नजर भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिंग देने पर है. मौजूदा एडवांस बुकिंग ट्रेंड्स को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदित्य घर की निर्देशित स्पाई एक्शन रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग करेगी. सैकनिल्क के अनुसार, यह फिल्म पेड प्रीमियर सहित, दुनिया भर में ओपनिंग डे पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने का लक्ष्य बना रही है।

आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 की ओपनिंग डे के लिए दुनिया भर में एडवांस बिक्री पहले ही 50 करोड़ रुपये के ग्रॉस आंकड़े के करीब पहुंच चुकी है. प्री-सेल्स की यह जबरदस्त रफ्तार फिल्म की रिलीज से पहले भारत और विदेशों, दोनों ही बाजारों में इसकी भारी मांग का संकेत देती है।

सैकनिल्क के मुताबिक, अभी तक, धुरंधर 2 ने 18 मार्च को अपने पेड प्रीव्यू के लिए भारत में लगभग 21.50 करोड़ रुपये की कमाई की है. यह फिल्म सिर्फ भारत में ही पेड प्रीमियर से 35 करोड़ रुपये से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है।

पूरे शुरुआती वीकेंड के लिए विदेशी प्री-सेल्स लगभग 35 करोड़ रुपये है. सैकनिल्क के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका में फिल्म को लेकर काफी उत्साह है. यहां फिल्म के प्रीमियर की एडवांस बिक्री लगभग 982,374 डॉलर तक पहुंच गई है. यह बिक्री 678 जगहों पर 1,684 शो के लिए हुई है, जिसमें लगभग 61,491 टिकट बिके हैं।

अगर कनाडा को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर की कुल एडवांस बिक्री 1.2 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गई है. यह किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अब तक की सबसे ज्यादा प्रीमियर एडवांस बिक्री है, जिसने फिल्म एनिमल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

## भूत बंगला के टीजर ने सोशल मीडिया पर काटा गदर-24 घंटे में बना दिया ये रिकॉर्ड

बॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्म भूत बंगला का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी को करीब 14 साल बाद पर्दे पर देखकर फैंस बहुत एक्साइटेड हो गए हैं. यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म दर्शकों को डर और हंसी दोनों का शानदार मिश्रण देने का वादा करती है. सोशल मीडिया पर टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म रिलीज से पहले ही लोगों के दिलों में जगह बना चुकी है.टीजर में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन का कॉमिक अंदाज बिलकुल पहले जैसा नजर आ रहा है. मजेदार पंचलाइन, सिग्नेचर कॉमिक वाले सीन्स और हल्की-फुल्की डरावनी झलक ने फैंस को पूरी तरह एंटरटेन किया है. यह टीजर यूट्यूब और बाकी प्लेटफॉर्म्स पर मिलाकर अब तक 55 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और पिछले 24 घंटों से यूट्यूब इंडिया पर नंबर 2 पर ट्रेंड कर रहा है. परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसी लीजेंड्री कॉमिक्स की वापसी ने फैंस की खुशी को और बढ़ा दिया है. सभी दर्शक और सेलेब्रिटी सोशल मीडिया पर इस टीजर की तारीफ कर रहे हैं और अक्षय-प्रियदर्शन की जोड़ी को देखकर पुरानी कॉमेडी फिल्मों की याद ताजा कर रहे हैं.बता दें, फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और इसे अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है. भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी लीड रोल में है. फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और यह 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. प्रियदर्शन और अक्षय की यह जोड़ी पिछले कई सालों से हिंदी कॉमेडी और हॉरर की दुनिया में यादगार काम कर चुकी है और अब भूत बंगला के साथ वो फिर से उस जादू को वापस ला रहे हैं।




## आम को इन 5 तरीकों से खाएं, स्वाद और सेहत दोनों का रखें ध्यान



गर्मियों में आम का स्वाद और सुगंध कुछ खास होती है। आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आम को खाने के कुछ अनोखे और मजेदार तरीके हैं, जो आपके स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखते हैं। आइए आम को खाने के कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

### आम की चटनी

आम की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को कदूकस करें, फिर उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन, नमक और थोड़ा-सा गुड़ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें। यह चटनी रोटी, पराठे या चावल के साथ बहुत अच्छी लगती है। इससे आपका खाना और भी मजेदार हो जाएगा। इसके अलावा यह चटनी आपके पाचन को भी सुधार सकती है।

### आम का अचार

आम का अचार एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है, जो हर घर में बनता है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर धूप में सुखाया जाता है, फिर उसमें सरसों का तेल, मेथी के दाने, सौंफ और हल्दी मिलाकर धूप में रखा जाता है। यह अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह अचार आपके पाचन को भी सुधार सकता है।

### आम का शेक

आम का शेक एक ताजगी भरा पेय है, जो गर्मियों में बहुत पसंद किया जाता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसके गूदे को मिक्सर में डालें, फिर उसमें दूध, चीनी और बर्फ डालकर अच्छे से मिलाएं। आपका स्वादिष्ट आम का शेक तैयार है। यह पेय न केवल आपको ताजगी देगा बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करेगा। इसके अलावा यह पेय आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद करेगा।

### आम की कुल्फी

आम की कुल्फी एक शानदार मिठाई है, जो गर्मियों में बहुत लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दूध, चीनी और थोड़ी-सी इलायची पाउडर मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में डालकर फ्रीजर में जमने दें। कुछ घंटों बाद आपकी आम की कुल्फी तैयार होगी। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके शरीर को ठंडक भी प्रदान करती है।

### आम का रायता

आम का रायता खाने का स्वाद बढ़ाने वाला एक अनोखा व्यंजन है, जिसे किसी भी भोजन के साथ खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दही, भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा चीनी मिला दें। आपका आम का रायता तैयार हो जाएगा।

इन सभी तरीकों से आम को खाने पर न केवल उसका स्वाद बढ़ता है बल्कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं।

## रसोई की सफाई के लिए काम आएंगे ये हैक्स, बचेंगे समय और पैसा

*रसोई घर का सबसे जरूरी हिस्सा होती है, जहां रोजाना कई काम होते हैं। ऐसे में इसे साफ-सुथरा रखना बहुत जरूरी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रसोई की सफाई में भी कुछ आसान तरीके का इस्तेमाल किया जा सकता है? आइए आज हम आपको कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपकी रसोई चमक उठेगी और आपको ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी। इन उपायों से समय और पैसा दोनों की बचत होगी।*



### खाने के सोडे का करें इस्तेमाल

खाने का सोडा एक ऐसी चीज है, जो हर घर में मिलती है। इसका इस्तेमाल आप रसोई की सफाई के लिए कर सकते हैं। अगर आपकी रसोई के स्लैब पर कोई जिद्दी दाग लग गया है तो उसे हटाने के लिए खाने के सोडे को पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें और उसे दाग पर लगाकर कुछ देर छोड़ दें, फिर इसे साफ पानी से धो लें। इससे दाग आसानी से हट जाएगा और रसोई चमक उठेगी।

### सिरका भी है फायदेमंद

सिरका एक ऐसी चीज है, जिसका इस्तेमाल खाने में किया जाता है, लेकिन यह रसोई की सफाई में भी बहुत काम आता है। अगर आपके रसोई के सिंक या बर्तन धोने वाले टब में बदबू आ रही हो या उसमें जमी हुई गंदगी हो तो उसे साफ करने के लिए सिरके का इस्तेमाल करें। बस थोड़ी सी मात्रा में सिरका डालकर कुछ देर छोड़ दें, फिर गर्म पानी डालकर धो लें। इससे सारी गंदगी दूर हो जाएगी।

### नींबू का रस है बेहतरीन क्लीनर

नींबू का रस न केवल खाने में खट्टा-मीठा स्वाद लाता है बल्कि इसकी खटास भी कई चीजों को साफ करने में मदद करती है। अगर आपके रसोई के किसी हिस्से पर जमी हुई चिकनाई या दाग-धब्बे हों तो उन्हें साफ करने के लिए नींबू के रस का इस्तेमाल करें।

बस जहां भी जरूरत हो वहां नींबू के रस को लगाएं और कुछ देर छोड़ दें, फिर गीले कपड़े से पोंछ लें। इससे रसोई चमक उठेगी।

### गर्म पानी का जादू

गर्म पानी का इस्तेमाल हर जगह फायदेमंद होता है, चाहे वह कपड़े धोने हों या बर्तन धोने हों। रसोई की सफाई में भी गर्म पानी बहुत मदद करता है। अगर आपकी रसोई के किसी हिस्से पर जमी हुई गंदगी हो तो उसे हटाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करें।

# जेलेंस्की की पेशकश पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप, बोले- तुम्हारी ड्रोन मदद नहीं चाहिए



वाशिंगटन (ए.)। मिडिल ईस्ट में गहराते युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती दिख रही है। जेलेंस्की ने हाल ही में अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरानी शाहिद ड्रोन्स को गिराने में मदद की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन के पास रूसी हमलों के दौरान इन ड्रोन्स को रोकने का बड़ा अनुभव है, जिसे वे कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों के साथ साझा करने के लिए अपनी टीमें भी भेज चुके हैं। शनिवार, 14 मार्च को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने जेलेंस्की के इस प्रस्ताव को सीधे तौर पर खारिज कर दिया। ट्रंप ने तीखे शब्दों में कहा, हमें उनकी मदद की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे यहां तक कह दिया कि जेलेंस्की आखिरी व्यक्ति हैं जिनसे वे मदद मांगना चाहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बेहतरीन ड्रोन तकनीक है और वे इसे संभालने में सक्षम हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने जेलेंस्की की आलोचना करते हुए उन्हें डील करने में मुश्किल इंसान बताया और कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन तो समझौते के लिए तैयार हैं, लेकिन जेलेंस्की नहीं। जेलेंस्की की इस पेशकश पर ईरान ने भी कड़ा रुख अपनाया है। एक ईरानी राजनेता ने चेतावनी दी है कि यदि यूक्रेन ने ईरानी ड्रोन्स के खिलाफ तकनीक या विशेषज्ञों की मदद दी, तो पूरा यूक्रेन ईरान के लिए एक वैध और कानूनी सैन्य लक्ष्य बन जाएगा। ईरान का आरोप है कि कीव प्रशासन इस युद्ध में सीधे तौर पर अमेरिका और इजराइल का साथ दे रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से दुनिया भर में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस संकट से निपटने के लिए ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लेते हुए रूसी तेल पर लगे कुछ प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। ट्रंप ने कहा, मैं दुनिया के लिए तेल चाहता हूं। हालांकि, उन्होंने यह साफ किया कि जैसे ही मिडिल ईस्ट का संकट खत्म होगा, ये प्रतिबंध वापस लागू कर दिए जाएंगे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका, इजराइल और यूरोपीय देशों के जहाजों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि वहां से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को जला दिया जाएगा।

# मनकामना मंदिर से लौट रहे भारतीय श्रद्धालुओं की बस गहरी खाई में गिरी, 7 की मौत



काठमांडू, (ए.)। नेपाल के पहाड़ी रास्तों पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। शनिवार शाम गोरखा जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह दुखद घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु प्रसिद्ध मनकामना मंदिर में दर्शन कर वापस लौट रहे थे। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं को ले जा रही एक इलेक्ट्रिक माइक्रोबस साहिद लखन ग्रामीण नगरपालिका के कंतार क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई और गहरी खाई में जा गिरी।

गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार श्रेष्ठ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे में सात अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बचाव दल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए चितवन जिले के भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, माइक्रोबस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे, जिसके चलते हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई थी। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी तुलसी बहादुर श्रेष्ठ ने बताया कि वाहन मनकामना मंदिर से पश्चिम की ओर तनहूं जिले के अनबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रहा था। हालांकि, यात्रियों के गंतव्य को लेकर अभी पूरी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस अभी हादसे के सटीक कारणों की जांच कर रही है, लेकिन प्राथमिक दृष्टि में पहाड़ी सड़क के तीखे मोड़ पर चालक का नियंत्रण खोना दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। गौरतलब है कि नेपाल के इस क्षेत्र में भारतीय तीर्थयात्रियों के साथ होने वाला यह पहला बड़ा हादसा नहीं है। इससे पहले अगस्त 2024 में भी अनबुखैरेनी के पास एक बस दुर्घटना में 27 भारतीय श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई थी।

हाल के वर्षों में नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। नेपाल ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में हादसों की संख्या 4,999 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 7,669 तक पहुंच गई है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि इन दुर्घटनाओं से होने वाला आर्थिक नुकसान नेपाल के कुल सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) का लगभग 1.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## चलती हाईवे पर इफ्तार कर विवादों में घिरीं मशहूर व्लॉगर सबा इब्राहिम

नई दिल्ली(ए.)। टीवी अभिनेता शोएब इब्राहिम की बहन और मशहूर व्लॉगर सबा इब्राहिम एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई उपलब्धि नहीं बल्कि एक खतरनाक लापरवाही है। अपनी



पर्सनल लाइफ और फैमिली व्लॉग्स के लिए जानी जाने वाली सबा हाल ही में मुंबई से अपने पति खालिद नियाज के गांव मौदहा जा रही थीं। इसी सफर के दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी बीच रास्ते में एक व्यस्त हाईवे के किनारे रोक दी। हैरान करने वाली बात यह थी कि सबा, उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य चलते हाईवे की सड़क पर ही चादर बिछाकर बैठ गए और इफ्तार करने लगे। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि जिस जगह वे बैठे थे, वहां से तेज रफ्तार गाड़ियां बेहद करीब से गुजर रही थीं।जैसे ही यह व्लॉग सोशल मीडिया पर सामने आया, लोगों ने सबा और उनके पति खालिद की जमकर क्लास लगानी शुरू कर दी। नेटिजन्स का कहना है कि यह न केवल खतरनाक है, बल्कि यातायात नियमों का भी खुला उल्लंघन है। लोगों ने इस बात पर चिंता जताई कि उनके साथ परिवार में छोटे बच्चे भी मौजूद थे, ऐसे में हाईवे जैसी संवेदनशील जगह पर इस तरह बैठना किसी बड़े हादसे को दावत देने जैसा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई लोगों ने टिप्पणी करते हुए पूछा कि अगर सड़क पर कोई अनियंत्रित वाहन उनके करीब आ जाता, तो इस जानलेवा लापरवाही का जिम्मेदार कौन होता? कुछ यूजर्स ने तो उत्तर प्रदेश पुलिस को टैग करते हुए इस मामले में कार्रवाई की मांग तक कर दी है।

### तालिबान के सुप्रीम लीडर अखुंदजादा को निशाना बनाकर पाकिस्तान ने की घातक एयरस्ट्राइक

काबुल,(ए.)। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी सीमा विवाद अब एक खतरनाक और निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। हालिया सुरक्षा रिपोर्टों और सूत्रों के हवाले से एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार के कैंप गेको में एक बेहद सटीक और बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले का मुख्य उद्देश्य अफगान तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुंदजादा को निशाना बनाना था। यदि यह दावा पूरी तरह पुष्ट होता है, तो इसे केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की भू-राजनीति को हिला देने वाली घटना माना जाएगा।यह भीषण हमला शुक्रवार तड़के उस समय किया गया, जब खुफिया सूचनाओं के आधार पर यह संकेत मिले थे कि हैबतुल्लाह अखुंदजादा पिछले कुछ हफ्तों से कैंप गेको के एक अत्यंत सुरक्षित परिसर में ठहरे हुए हैं। जमीनी स्तर से आ रही शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इस एयरस्ट्राइक में कम से कम 22 लोगों के मारे जाने और 50 से अधिक के घायल होने की सूचना है।

# अमेरिकी सेना ने खर्ग द्वीप को मिट्टी में मिला दिया, अब मजे के लिए करेंगे हमले : ट्रंप

### -ईरान ने बदला लेने की खाई कसम, यूएई के तीन बंदरगाह खाली करने का दिया अल्टीमेटम

वाशिंगटन,(ए.)। मध्य पूर्व में जारी भारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सबसे अहम तेल हब, खर्ग द्वीप पर बड़े हमलों की पुष्टि की है। शनिवार को दिए एक इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने द्वीप पर मौजूद ईरान के 100फीसदी सैन्य ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया है। ट्रंप ने कहा कि हालांकि ईरान अब संघर्ष को खत्म करने के लिए समझौते की मेज पर आता दिख रहा है, लेकिन अभी शर्तें अमेरिका के पक्ष में पर्याप्त नहीं हैं। ट्रंप ने बेबाक अंदाज में कहा कि हमने खर्ग द्वीप का ज्यादातर हिस्सा तबाह कर दिया है और हम मजे के लिए इस पर कई बार हमला कर सकते हैं।मडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने अपने ट्रूथ सोशल पर जानकारी दी कि ईरान की सैन्य क्षमता अब लगभग खत्म हो चुकी है, लेकिन वह अभी भी समुद्री जलमार्ग में खदानों या छोटे ड्रोनों के जरिए बाधा डाल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य मित्र देश होर्मुज में युद्धपोत तैनात करेंगे। ब्रिटेन, फ्रांस, जापान भी इस मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका का साथ देंगे। लक्ष्य यह है कि वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री परिवहन बिना किसी डर के जारी रह सके।



ईरान ने अमेरिका-इजराइल हमलों का बदला लेने की कसम खाई है। इसी कड़ी में ईरानी सरकारी मीडिया ने संयुक्त अरब अमीरात के तीन बड़े बंदरगाहों को खाली करने का अल्टीमेटम दिया है जिसमें जेबेल अली बंदरगाह, खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह शामिल हैं। ईरान का आरोप है कि अमेरिका इन बंदरगाहों का इस्तेमाल उस पर हमले करने के लिए कर रहा है। निवासियों और कामगारों को तुरंत इलाका छोड़ने को कहा है, जिससे क्षेत्र में युद्ध के और फैलने की आशंका है। युद्ध की विभीषिका अब मानवीय आंकड़ों में सामने आ रही है।

### पोप लियो की अपील- मिडिल ईस्ट में जंग तुरंत रोककर संवाद का रास्ता अपनाया जाए

वेटिकन सिटी, (ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और जारी सैन्य संघर्ष के बीच पोप लियो XIV ने युद्धविराम की जोरदार अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हालात बेहद गंभीर हैं और हिंसा को तुरंत रोककर संवाद का रास्ता अपनाया जाना चाहिए। रविवार को वेटिकन सिटी में एंजेलस प्रार्थना के बाद अपने संबोधन में पोप ने कहा कि खाड़ी देशों में लोग पिछले दो सप्ताह से युद्ध की भयावहता झेल रहे हैं। उन्होंने संघर्ष में शामिल पक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे तुरंत संघर्ष विराम लागू करें और बातचीत के जरिए समाधान तलाशें।पोप लियो ने कहा कि इस संघर्ष में हजारों निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है और बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की जिनके प्रियजन स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इलाकों पर हुए हमलों में मारे गए। उन्होंने कहा कि युद्ध और हिंसा किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते।

# खेल समाचार

### टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर नहीं लगेगा जुर्माना

नईदिल्ली,(ए.)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह अफवाह खारिज कर दी है कि टी-20 विश्व कप 2026 में जल्दी बाहर होने पर खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया। यह अटकलें तब उभरीं जब पाकिस्तान 20 टीमों के टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहा और लगातार चौथी बार आईसीसी इवेंट में सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सका। कई रिपोर्ट में कहा गया था कि हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे पीसीबी ने नकार दिया है।

पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने कभी भी ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यह सब केवल सोशल मीडिया की अफवाहें थीं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि पीसीबी के नियमों में ऐसी किसी कार्रवाई का कोई प्रावधान या मिसाल मौजूद नहीं है। उनके बयान से यह साफ हो गया कि खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाने की खबर निराधार है।

पाकिस्तान के टी-20 विश्व कप में हार के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाने की अफवाहों को लेकर पीसीबी की काफी आलोचना हुई। पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि अगर यह सच है तो खिलाड़ियों को ऐसे कदम के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और किसी को भी राष्ट्रीय टीम के लिए पूरा प्रयास करने पर सजा नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान आघा को टीम के प्रदर्शन के लिए काफी ट्रोल किया गया।

सुपर-8 चरण में पाकिस्तान का न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हुआ पहला मुकाबला बारिश के चलते रद्द हो गया था। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा था। इसके बाद उसे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हुए दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। इसी तरह आखिरी मुकाबले में उसे श्रीलंका के खिलाफ 5 रन से जीत मिली। ऐसे में वह तीसरे स्थान पर रही और सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

### भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने वंशिका से रचाई शादी, सामने आई तस्वीरें और वीडियो

नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कुलदीप यादव ने आज उत्तराखंड के मसूरी में अपने जीवन की नई पारी की शुरुआत करते हुए शादी कर ली। उन्होंने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका के साथ सात फेरे लिए। इस शादी में कई स्टार भारतीय क्रिकेटर शामिल हुए, जिनमें तिलक वर्मा, युजवेंद्र चहल और रिंकू सिंह समेत कई वीआईपी मेहमान मौजूद रहे। वहीं, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज भी देहरादून पहुंचे और उन्होंने कुलदीप को उनकी शादी पर आशीर्वाद दिया।

कुलदीप और वंशिका दोनों ही उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं। दोनों का घर करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर ही है। दोनों के परिवार कई सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और कुलदीप व वंशिका बचपन से ही अच्छे दोस्त रहे हैं। वंशिका उच्च शिक्षा के लिए वह ऑस्ट्रेलिया गई थीं, जहां से उन्होंने अपनी मास्टर्स डिग्री पूरी की। इसके बाद वह भारत लौट आईं। पेशेवर रूप से वंशिका भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत हैं।

सूफी गायक बिस्मिल ने आयोजित एक विशेष संगीत संध्या में प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा था, मैंने कुलदीप यादव के लिए कुछ शायरियां तैयार की हैं, जिन्हें मैं आज इस जश्न के कार्यक्रम में पेश करूंगा। मैं अपने दोस्त कुलदीप की शादी को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उत्तराखंड मेरे दिल के बहुत करीब है और यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। शादी में मोहम्मद कैफ और सुरेश रैना समेत कई पूर्व भारतीय क्रिकेटर भी शामिल हुए। इस जोड़े की सगाई पिछले साल 4 जून को लखनऊ में एक पारंपरिक समारोह में हुई थी और उनकी शादी नवंबर में होने वाली थी। हालांकि, टी-20 विश्व कप पर ध्यान देने के लिए कुलदीप ने शादी की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था।

# राहुल द्रविड़, मिताली राज और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई देगा लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान

नईदिल्ली, (ए.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दिल्ली में अपना एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन करेगी। इस दौरान राहुल द्रविड़, मिताली राज और रोजर बिन्नी को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं, शुभमन गिल को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी (पुरुष) के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। महिला खिलाड़ियों में ये अवॉर्ड स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना को मिलेगा। इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (घरेलू) के रूप में जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी।

शफाली वर्मा को 2024-25 सीजन के लिए घरेलू वनडे में बेहतरीन महिला खिलाड़ी के रूप में जगमोहन डालमिया ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, मुंबई के आयुष म्हात्रे को 2024-25 सीजन में घरेलू लिमिटेड ओवर प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ ही विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में लाला अमरनाथ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को मान्यता देते हैं।



नमन अवार्ड्स 2026 की सबसे खास बात भारत की सभी 5 आईसीसी ट्रॉफी विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआई वरिष्ठ पुरुष टीम (आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 विजेता), वरिष्ठ महिला टीम (आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 विजेता), पुरुष अंडर-19 टीम (आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 विजेता) और महिला अंडर-19 टीम (आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2025 विजेता) को सम्मानित करेगा। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट की वैश्विक सफलता का जश्न है।

साल 2025 में गिल ने भारतीय टीम के लिए 9 टेस्ट मैच खेले और इसकी 16 पारियों में 70.21 की उम्दा औसत के साथ 983 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 5 शतक और 1 अर्धशतक निकला। पिछले साल 11 वनडे पारियों में उन्होंने 49 की औसत से 490 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक और 2 अर्धशतक शामिल थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 15 पारियों में 24.25 की खराब औसत के साथ सिर्फ 291 रन बनाए थे।

द्रविड़ ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में रनों का अम्बार लगाया था। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 13,288 रन और वनडे करियर में 10,889 रन बनाए थे। संन्यास लेने के बाद द्रविड़ को 2021 में रवि शास्त्री की जगह पर सीनियर भारतीय टीम का प्रमुख कोच बनाया गया था। उनके कोचिंग कार्यकाल में भारतीय टीम वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रही थी। इसके बाद 2024 में खेले गए टी-20 विश्व कप में विजेता बनी थी।

## टी-20 विश्व कप के बाद जय शाह बोले- कोई भी देश आईसीसी से बड़ा नहीं



नईदिल्ली,,(ए.)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने टी-20 विश्व कप 2026 में टीमों को लेकर हुए विवाद पर पहली बार कुछ बोला है। बांग्लादेश ने भारत में ये टूर्नामेंट खेलने से मना कर दिया था, वहीं पाकिस्तान ने भी बहिष्कार करने की धमकी दी थी। बांग्लादेश तो टूर्नामेंट नहीं खेली, लेकिन पाकिस्तान ने श्रीलंका में अपने मुकाबले खेले और सुपर-8 से बाहर हो गई। ऐसे में आइए जानते हैं कि जय शाह ने क्या कहा है। आईसीसी चेयरमैन ने कहा, यह आईसीसी विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण था, क्योंकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस बात को लेकर काफी चर्चा हो रही थी कि कुछ टीमें इसमें हिस्सा लेंगी या नहीं और विश्व कप कैसे आयोजित होगा? आईसीसी चेयरमैन के तौर पर मैं यह कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती और न ही कोई एक टीम किसी संगठन को बनाती है। एक संगठन सभी टीमों के संयोजन से बनता है। आईसीसी चेयरमैन ने आगे कहा, इस विश्व कप ने व्यूअरशिप के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। इतिहास में पहली बार 7.2 मिलियन (72 लाख) समकालीन दर्शक (एक ही समय पर देखने वाले दर्शक) दर्ज किए गए और कुल व्यूअरशिप के मामले में भी नए रिकॉर्ड बने। टूर्नामेंट में एसोसिएट टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। यूएसए क्रिकेट टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी, नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान को परेशान किया, जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया और नेपाल ने इंग्लैंड को डराया।उन्होंने आगे कहा, मेरे पास सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर के लिए संदेश है। ऊपर से नीचे फिसलने में कुछ महीने लगते हैं, जबकि नीचे से ऊपर चढ़ने में सालों लग जाते हैं। इसलिए कड़ी मेहनत करते रहिए। जब मैं बीसीसीआई में था, तब मैंने 2028 ओलंपिक तक की योजना बनाई थी। अब मैं आईसीसी में हूं और बीसीसीआई की जिम्मेदारी दूसरों के पास है। आप सभी 2030, 2031 और यहां तक कि 2036 के लिए भी तैयारी करनी चाहिए।टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन कर तीसरी बार ट्रॉफी जीती। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया था।

### पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अकीब ने बुमराह पर तंज कसा, उस्मान तारिक से की तुलना

लाहौर (ए.)। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जहां अभी के समय में विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल किया जाता है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता अकीब जावेद ने बुमराह का मजाक उड़ाया है। अकीब के अनुसार बुमराह पाक के स्पिनर उस्मान तारिक जैसे गेंदबाज हैं। अकीब ने बुमराह को तेज गेंदबाजों का उस्मान तारिक बताया है। इससे पता चलता है कि अकीब बुमराह को मिल सफलतों से जलते हैं। बुमराह विश्वकप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। उनके नाम 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। पिछले कई दिनों से बुमराह छाये हुए हैं। इससे आकिब खुश नहीं है। इसी कारण उन्होंने बुमराह की तुलना उस्मान तारिक जैसे नये गेंदबाज से की है।इससे प्रशंस भी हैंरान है क्योंकि तारीक ने अभी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू ही किया है जबकि बुमराह पिछले 10 सालों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।

### बीसीसीआई ने फिक्सिंग में फंसे वीडियो एनालिस्ट राजा पर लगाया आजीवन प्रतिबंध

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी ट्रॉफी मैच में फिक्सिंग को देखते हुए वीडियो एनालिस्ट राजा रेड्डी पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इस एनालिस्ट को भ्रष्ट तरीके अपनाने के लिए आजीवन प्रतिबंधित कर दिया है। प्राप्त जानकार के अनुसार बीसीसीआई की एक समिति ने बोर्ड की एंटी-करप्शन विंग की जांच के बाद वीडियो एनालिस्ट राजा पर ये प्रतिबंध लगाया है।

ये मामला फरवरी, 2024 की है उस समय इंदौर में आंध्र और मध्य प्रदेश के बीच हुए रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में राजा रेड्डी ने आंध्र के खिलाड़ी गिरिनाथ रेड्डी से फिक्सिंग के लिए संपर्क किया था। राजा उस क्वार्टर फाइनल मैच में बीसीसीआई के एनालिस्ट थे। वह पीएमओव से मान्यता प्राप्त थे और उन्हें थर्ड अंपायर और मैच रेफरी के लिए तय कमरे में बैठने की अनुमति थी। आंध्र टीम मैनेजर की शिकायत के बाद एसीयू अधिकारी ने इस मामले में कदम उठाये।

आंध्र टीम के खिलाड़ी गिरिनाथ ने एसीयू को दिए बयान में बताया कि मैच से एक दिन पहले राजा ने उनसे अंतिम ग्यारह की जानकारी मांगी और दो ओवर में पांच रन देने के बदले 5 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा। इस दौरान व्हाट्सएप कॉल और चैट हिस्ट्री से पता चला कि राजा ने बार-बार गिरिनाथ से संपर्क करने का प्रयास किया पर गिरिनाथ ने साफ मना कर दिया और कहा कि वह यह घटना अपने टीम मैनेजर को बताएंगे।

# चैत्र नवरात्रि को लेकर सलकनपुर में सुनिश्चित की जा रही हैं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

## एसडीईआरएफ द्वारा दुकानदारों को दिया गया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर सलकनपुर स्थित विजयासन देवी मंदिर पर में आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

इसी क्रम में एसडीईआरएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सलकनपुर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दुकानदारों को आग से बचाव के उपायों और आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार सुनिश्चित की जाएं कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और वे सहज व सुव्यवस्थित ढंग से माता विजयासन देवी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सकें।

## 20 अप्रैल को उत्साह से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

सीहोर (निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ 20 अप्रैल सोमवार को मनाया जाएगा। शनिवार को ब्राम्हण समाज द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान गणेश, शिव परिवार माता गायत्री व भगवान परशुराम की वेद मंत्र उच्चारित्र कर आचार्य पवन व्यास अशोक पारासर व अन्य पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। आयोजन की जानकारी देते हुए प्रवक्ता पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल सोमवार को भगवान परशुराम जी का अभिषेक व महाआरती व 26 अप्रैल रविवार को भव्य रूप से चल समारोह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पं.सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया व वरिष्ठ जनों की उपस्थिती में बैठक का आयोजन किया गया ।

## मोहन पाराशर ने 66 साल की उम्र में स्वर्ण पदक जीत दी उम्र को मात, 13 साल की आयु में शुरू की थी वेट लिफ्टिंग


सीहोर( निप्र)। कुछ करने और सफल होने की कोई उम्र नहीं होती। 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने इस बात को सच कर दिखाया है। उन्होंने मात्र 13 साल की आयु में वेट लिफ्टिंग शुरू की। अब 66 की उम्र में हरियाणा के लोहारू में खेली जाने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर एकबार फिर खुद को साबित किया है। वह अब तक छह बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड हासिल कर सीहोर जिले का नाम विश्व में रोशन कर चुके है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के लोहारू में मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने 135 किलोग्राम वजन उठाकर प्रतियोगिता के 65 से 69 आयु वर्ग और 95 किलोग्राम शरीर भार में गोल्ड हासिल किया। इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गेम्स में प्राप्त कर चुके हैं।

# धूमधाम के साथ भागवत कथा में मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है-महंत उद्धव दास महाराज**





सीहोर( निप्र)। शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज ने कहाकि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए।

उन्होंने कहाकि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के संपूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा नियमित रूप से दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक जारी रहती है। जायसवाल परिवार ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।

## मांझी समाज की एकता की पुकार, सामुदायिक भवन की मांग, समाहित जातियों को जनजाति दर्जा दिलाने की उठी आवाज

सीहोर( निप्र)। सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ की एक महत्वपूर्ण पंचायत रविवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित होटल सिल्वर इन में आयोजित हुई। इस पंचायत में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए अपनी विभिन्न सामाजिक और विकास से जुड़ी मांगों को उनके सामने रखा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार, महासचिव संतोष रायकवार,मनोज बाथम, मीडिया प्रभारी सुजीत रायकवार, राजेश मांझी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।पंचायत के दौरान समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में मांझी समाज के लिए एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग प्रमुखता से रखी। समाज के प्रतिनिधियों का कहना था कि सामुदायिक भवन बनने से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्थायी स्थान मिलेगा। कहा कि मांझी समाज का शहर में बड़ा योगदान रहा है और उनके लिए एक सामुदायिक भवन बनना उनके सम्मान और पहचान से जुड़ा विषय है।आयोजन में समाज के वरिष्ठ सहयोगी अमन लोरिया सहित समाज के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से मांझी जनजाति से जुड़ी ढीमर, भोई, केवट, कहार और मल्लाह जातियों को भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग उठाई।

## कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष खंगराले ने दलितों के मसीहा काशीराम जी की जयंती पर किया कोटि-कोटि नमन भारत रत्न दिये जाने की मांग

सीहोर( निप्र)। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक महान समाज सुधारक पिछड़े और शोषित वंचितों के मसीहा काशीराम साहब के 92 वें जन्मदिवस जयंती पर सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक पूर्व पार्षद तथा म.प्र.महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव आरती खंगराले पूर्व पार्षद ने उन्हें सत् सत् नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की व देश के मूलनिवासियों बहुजनों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर श्री खंगराले ने कहा कि जहाँ पर डर खत्म होता है, जीत की शुरुआत वहीं से होती है। ऐसा काशिराम जी का नारा था साथ ही उन्होने सोये हुए बहुजन समाज को जगा कर उसमें राजनैतिक सौंच पैदा करने वाले बहुजन समाज में जन्में संतों, गुरुओं, महात्माओं की विचारधारा को जन-जन तक पहुचाने वाले डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर को भारत में पुर्नजीवित किया। खंगराले ने कांग्रेस पार्टी की ओर से मांग करते हुए कहा कि ऐसे दलितों के मसिहा काशिराम जी को भारत रत्न से केन्द्र सरकार तुरंत सम्मानित कर भारत रत्न दिया जाना चाहिये।




# भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, तीन मंडलों में कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक प्रशिक्षण

सीहोर( निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन के आह्वान पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीहोर जिले के श्यामपुर, इछावर एवं आष्टा ग्रामीण मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि सीहोर विधानसभा के श्यामपुर मंडल में रेड रोज स्कूल, इछावर विधानसभा के इछावर मंडल में सरस्वती शिशु मंदिर तथा आष्टा विधानसभा के आष्टा ग्रामीण मंडल में ग्राम भंवरा में प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित किए गए।

इछावर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज नागर सहित विषय वक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसी प्रकार श्यामपुर मंडल के उद्घाटन सत्र में सीहोर विधायक सुदेश राय, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर सहित विषय वक्ता उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ अवसर पर आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष हरिओम पिंटू परमार सहित विषय वक्ताओं की उपस्थिति रही।

आष्टा ग्रामीण मंडल के ग्राम भंवरा में आयोजित भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण से जुड़ा हुआ है। भारतीय जनसंघ से प्रारंभ होकर यह संगठन आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेताओं के मार्गदर्शन में पार्टी ने राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की कार्य पद्धति संगठनात्मक अनुशासन, सामूहिक नेतृत्व और कार्यकर्ता आधारित व्यवस्था पर आधारित है। बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन मजबूत संरचना के साथ कार्य करता है और प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर सेवा, संवाद एवं संगठन विस्तार के माध्यम से पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करता है।जिला प्रभारी विकास विरानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक आधार एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुँचाना है।

## शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में रविवार को जबलपुर ने रिक्की इलेवन को 23 रन से हराया।

आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर ने 18.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 194 रन बनाए थे। इसमें मुकेश 22 रन, अंकेश ने 26 रन, राजेन्द्र ने 18 रन, राहुल ने 29, प्रदीप ने 24 रन, निखिल ने 15 और साहिल ने 27 रन की पारी खेली थी। इधर रिक्की की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्पित ने चार विकेट, प्रतीक-रविन्द्र ने दो-दो विकेट और रुपेश ने एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 171 रन बनाए थे।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email- modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-1189/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनॉक 10/03/2026

म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि 1. अनिकेत दुबे, पिता श्री अशोक कुमार दुबे, निवासी- टैगोर नगर, फेस-2, बरखेडा, तह. हुजूर, जिला भोपाल द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.01.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 468 दिनांक 22.01.2026 प्रकाशित की गई थी। जिसका प्रकाशन दिनांक 28.01.2026 को हुआ। इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ | 102/1 (एस) | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 8.482 हे. क्षेत्र में से 4.000 हे. पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 8.482हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

जी/27304/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

E-mail-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/1122/खनिज/2026, सीहोर, दिनॉक- 09/03/26

मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) ( दो ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदिका **रोली गुप्ता पत्नी पंकज गुप्ता** के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक **22.12.2025** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर पुन: यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | सीहोर | गुडभेला | 357 व 358 | 2.000 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर खनिज | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 2.000 क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 2.000 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

जी/27305/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर ( म.प्र. )

दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701

निविदा सूचना क्रमांक 21/2025-26 दिनांक 10.03.2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि ( रू.लाख में ) | इलेक्ट्रिानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_489129_1 | सीहोर | सड़क कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर प्रोटेक्शन वाल/रिर्टनिंग वाल का अनुरक्षण कार्य। | प्रथम कॉल | 10.00 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 25.03.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/27392/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.सं. सीहोर म0प्र0
07562-222701

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com